जनता की आवाज, जनता का आदेश

# राष्ट्रीय जनादेश

janadesh2012@gmail.com www.rashtriyajanadesh.com

बैतूल, बुधवार 11 फरवरी 2026 » वर्ष-29 » अंक-22 » आर.एन.आई.नं. 69078/98 » पृष्ठ -06 » मूल्य-2 रू.

ISO 9001 2015 CERTIFIED
रसोई रानी
सोयाबीन
रिफाइंड तेल

# किसानों पर 612 करोड़ की उधारी बाकी, महज 75 करोड़ हो सके वसूल

- 31 मार्च तक ऋण अदा नहीं करने पर ओवरड्यू हो जाएंगे हजारों किसान

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। जिले में किसानों को दिए जाने वाले ऋण की वसूली की हालत खस्ता है। किसानों से कुल 687.32 करोड़ रुपये की वसूली करना है, लेकिन अभी तक महज 75 करोड़ रुपये ही वसूल हो पाए हैं। अभी भी किसानों पर 612 रुपये से ज्यादा की उधारी बाकी है। चालू वर्ष के ऋण की राशि यदि किसान 28 मार्च तक अदा नहीं करते हैं तो वे कालातीत की श्रेणी में आ जाएंगे। ऐसे में उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा।**



किसानों को कृषि संबंधी कार्यों के लिए महंगे ब्याज पर कर्ज न लेना पड़े, इसके लिए सरकार उन्हें शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इससे किसानों को अपनी जरुरतों के लिए कहीं और हाथ नहीं फैलाना पड़ता और न कर्ज के मकड़जाल में फंसने की स्थिति बनती है। हालांकि अन्य ऋणों की तरह यह ऋण भी वसूल करना जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के शेष पेज 2 पर..

### बैंक लगातार कर रहा है प्रयास

किसानों को दिए गए ऋण की वसूली के लिए बैंक द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। समिति प्रबंधकों को किसानों से संपर्क कर अधिक से अधिक राशि जमा कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उनके द्वारा किसानों को समझाइश देने के साथ ही कालातीत होने पर की जाने वाली कार्रवाइयों से भी अवगत कराया जा रहा है। बताया जाता है कि भीमपुर और चिचोली क्षेत्र में सबसे ज्यादा राशि बकाया है।

### अभी तक इतनी राशि हो सकी वसूल

बैंक द्वारा दिए गए ऋण की वसूली के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके बावजूद वसूली की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। अभी तक दोनों ही श्रेणियों में किसानों से मात्र 75 करोड़ रुपये की वसूली हो सकी है। इनमें से चालू ऋण की राशि में 16000 किसानों से 49 करोड़ और ओवरड्यू श्रेणी में करीब 6 हजार किसानों से 26 करोड़ रुपये ही वसूल हो पाए हैं। जाहिर है कि अभी भी बड़ी राशि की वसूली बाकी है।

# अंग्रेजी के प्रश्न पत्र में नहीं बना कोई नकल प्रकरण, 245 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर


- बारहवीं की बोर्ड परीक्षा शुरू, पहले दिन 110 सेंटरों पर हुई परीक्षा



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी स्कूल (कक्षा बारहवीं) की परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गई। पहले ही दिन अंग्रेजी का प्रश्नपत्र होने के बावजूद जिले के किसी भी परीक्षा केन्द्र पर कोई नकल प्रकरण नहीं बना है। जिले और ब्लॉक स्तर पर गठित उड़नदस्ताओं ने 25 से अधिक परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया जिसमें संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों के साथ ही अन्य परीक्षा केन्द्रों में भी उड़नदस्ता पहुंचे, पहुंचे लेकिन कहीं कोई प्रकरण नहीं बना। पहले दिन 13 हजार 596 में से 13 हजार 351 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी 245 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले के सभी 4 अति संवेदनशील और सात संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों में जैमर लगाए गए थे, जिससे मोबाईल सहित अन्य कोई भी इलेक्ट्रानिक्स डिवाइस नहीं चली। जिले भर में परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा मंगलवार से शुरू हुई। परीक्षा के समन्वयक विनोद पड़लक ने बताया बारहवीं की परीक्षा 110 परीक्षा केन्द्रों में हुई जिसमें 4 अति संवेदनशील और 7 संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों में एक चार की गार्ड लगाने के साथ ही जैमर भी लगाए गए थे। अन्य सभी परीक्षा केन्द्रों में एक-एक गार्ड तैनात किए गए थे। कक्षा बारहवीं में कुल 13596 में से 13351 ही परीक्षा में शामिल हुए। 245 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। श्री पड़लक ने बताया जिला स्तर पर चार और विकासखंड स्तर पर 20 उड़नदस्ते बनाए गए थे। मंगलवार को उड़नदस्तों द्वारा खेड़ीसांवलीगढ़, कांवला, आठनेर, टेमनी, बैतूल गंज, बोरदेही, मोरखा, दामजीपुरा शेष पेज 2 पर..

## गन्ना बाड़ी में मिला अज्ञात महिला का शव, पुलिस ने शुरू की जांच



**चिचोली (राष्ट्रीय जनादेश)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मालीपुरा मेलघाट स्थित एक गन्ने के खेत में महिला का सड़ा-गला शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। प्राप्त जानकारी के अनुसार मालीपुरा मेलघाट निवासी मेघराज मोगरे के गन्ने के खेत में गन्ना कटाई के शेष पेज 2 पर..

## दो दिन में 575 रुपए क्विंटल कम हुए सोयाबीन के दाम

» आवक बढ़ते ही कम हो जाते है दाम

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** लगभग तीन साल बाद सोयाबीन के दाम बढ़ने की उम्मीद में स्टॉक करने वाले स्टाकिस्ट सोयाबीन के दाम में उतार चढ़ाव से परेशान हो गए है। पिछले दो दिन में ही बैतूल मंडी में सोयाबीन के प्रचलित दाम 575 रूपए प्रति क्विंटल कम हो गए है। शनिवार को 5600 रूपए प्रति क्विंटल रहने वाले सोयाबीन के दाम सोमवार को ढाई सौ रूपए क्विंटल कम होकर 5350 रूपए प्रति क्विंटल हो गए वहीं मंगलवार को एक दिन में ही सोयाबीन के प्रचलित दाम सवा तीन सौ रूपए क्विंटल कम हो गए। दो दिन में सोयाबीन के दाम पौने छह सौ रूपए क्विंटल कम होने से स्टाकिस्टो में दहशत है।

सोयाबीन के दाम पिछले तीन साल से स्थिर ही चल रहे है। जिससे शेष पेज 2 पर..

**बैतूल मंडी में सोयाबीन की आवक और दाम**

| दिनांक | आवक | न्यूनतम.दाम | अधिकतम दाम | प्रचलित दाम |
|---|---|---|---|---|
| 7 फरवरी | 895 क्वि. | 5050 | 5850 | 5600 |
| 9 फरवरी | 3165 क्वि. | 4500 | 5701 | 5350 |
| 10 फरवरी | 1913 क्वि. | 4200 | 5426 | 5075 |

## श्री जलेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** आमला खंडारा रोड स्थित सीताकुंड में आज 11 फरवरी, बुधवार को प्रातः 9 बजे से श्री जलेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय शिवभक्तों एवं ग्रीन टाइगर्स बैतूल के तत्वावधान में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन-अर्चन एवं हवन के साथ भगवान श्री जलेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा के बाद विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## छोटा महादेव की व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर-एसपी अलर्ट

- मार्ग को समतल करने और झाड़ियों की छंटाई करने के दिए निर्देश

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर बैतूल जिले के रानीपुर स्थित प्राचीन छोटा महादेव मंदिर में दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी एवं पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने मंगलवार को मेला क्षेत्र शेष पेज 2 पर..



## चोरी के मामले में नागिन, टकली और ग्रेसी गिरफ्तार

- चोरी के दो बड़े मामलों का खुलासा, 8 आरोपी किए गए गिरफ्तार
- कोतवाली और सारणी पुलिस ने लाखों का माल किया बरामद


**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। घरों में हुई चोरियों के मामले जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कोतवाली बैतूल और सारणी पुलिस ने चोरी के मामले में 3 महिलाओं समेत 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनसे लाखों रुपये का चोरी का माल जब्त किया गया है। कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार सभी आरोपी अन्य जिलों के हैं।**

पुलिस ने बताया कि 1 फरवरी को सतीश पिता दयाराम धुर्वे उम्र 38 साल निवासी सतपुड़ा आईटीआई के पास थाना सारणी के घर चोरी हुई थी। अज्ञात चोर उसके घर में रखा एक सोने का गले का हार, एक जोड़ी सोने के कंगन, एक जोड़ी सोने के कान शेष पेज 2 पर..





कार्टून कोना




श्री ताप्ती भोग
A Quality Product By Tirupati Flour Mill
शुद्धता और स्वाद दोनों एक साथ
Available
Maida, Rawa, Sooji
R-Atta, T-Atta

Tirupati Flour Mill, NH46 Near RTO Office Uddan,Betul
9425002362 , 9174376692

## ।। 8 वां पुण्य स्मरण ।।




**स्व. श्री प्रवासीलाल चौरसे**

(रिटायर्ड प्रधानपाठक, पाटाखेड़ा) स्वर्गवास : 11 फरवरी 2018

*"आपके उदात्त व्यक्तित्व का आलोक सदा,*
*हमारे प्रगतिपथ को प्रकाशित करता रहे,*
*कर्त्तव्य के प्रति आपकी निष्ठा और लगन,*
*हमे निरंतर प्रेरणा देती रहे,*
*आपकी स्मृतियां आशीर्वाद के रूप में सदैव हमारे साथ रहे"*

शोकाकुल : स्नेहलता-अनिल चौरसे, संगीता-प्रवीण चौरसे, अंकित (अंकु), अरविन्द (पिंकू), ऋषभ, अंकिता चौरसे एवं समस्त चौरसे परिवार, बैतूल एवं पाटाखेड़ा (चिचोली)

शादियों के मौसम में नया स्टाक आ गया है
आपकी संतुष्टि-हमारी उपलब्धि
बोथरा
फैशन हाऊस । रेडिमेड कलेक्शन

साड़ियां ही साड़ियां
● साड़ियां एवं फैंसी साड़ियां
● फैंसी वन पीस गाउन ● फैंसी कुर्तियां
दुल्हे के लिए
● कोट- पैंट ● शेरवानी ● कुर्ता पैजामा
रेडीमेड
● रेडीमेड पैंट ● शर्ट ● जीन्स
● ट्राउजर ● टीशर्ट
दुल्हन के लिए
● विभिन्न प्रकार की साड़ियां
● लाहचा एवं लहंगा चुन्नी
गांधी चौक- कोठीबाजार, बैतूल, मो. 9406939001
छोटे राम मंदिर के सामने, थाना रोड, कोठीबाजार-बैतूल

# संपादकीय

## बजट सत्र के 19 घंटे बर्बाद, लोकसभा में क्यों नहीं टूट रहा गतिरोध?

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने पिछले हफ्ते, शुक्रवार को सांसदों से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलने देने की अपील करते हुए कहा था कि अब तक बजट सत्र के 19.13 घंटे बर्बाद हो चुके हैं। उनकी अपील के कुछ वक्त बाद ही हंगामा शुरू हो गया और कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। तब से लेकर सोमवार तक, इस आंकड़े में कुछ और घंटे जुड़ चुके हैं। दोनों सदनों में गतिरोध कायम है और अब तो ऐसा लग रहा है कि सुलह से ज्यादा कोशिश टकराव के बहाने तलाशने की हो रही है। इस बजट सत्र में अभी तक ढंग से कोई भी चर्चा पूरी नहीं हो सकी है। विपक्ष का कहना है कि लोकसभा में राहुल गांधी को बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा। सोमवार को एक बार लगा जरूर कि शायद कोई रास्ता निकल जाए, जब नेता प्रतिपक्ष और स्पीकर की मुलाकात हुई। हालांकि बाद में पेच इस पर फंस गया कि राहुल गांधी बजट पर बोल सकते हैं, किसी और विषय पर नहीं। सदन को चलाने के लिए जितने जरूरी हैं नियम-कायदे, उतनी ही अहमियत परंपराओं की भी है। और लोकतंत्र की परंपरा रही है कि सभी को बात रखने का मौका मिले। लेकिन, विपक्ष में यह भावना पनप रही है कि आसन उनके प्रति समान व्यवहार नहीं कर रहा। सरकार के पास बात रखने के लिए कई मंच और मौके होते हैं, पर विपक्ष के लिए सबसे बड़ा मंच सदन ही है, जहां वह सवाल पूछ सकता है। ये सवाल सरकार की जवाबदेही तय करने और नीतियों में संतुलन के लिए जरूरी हैं। पीठासीन अधिकारी सदन के संरक्षक की भूमिका में होते हैं, जिनसे निष्पक्षता की उम्मीद की जाती है। विपक्ष को उनसे यह भरोसा रहता है कि वह बराबरी का मौका देंगे। चिंताजनक बात है कि यह भरोसा टूट रहा है। इसका सबूत कांग्रेस की महिला सांसदों की तरफ से ओम बिरला को लिखी गई चिट्ठी और यह खबर है कि स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी है। अगर ऐसा होता है, तो भले संख्या बल विपक्ष के साथ नहीं, लेकिन इसका प्रतीकात्मक महत्व बहुत ज्यादा है। यह सेशन अभी तक नकारात्मक वजहों से ज्यादा चर्चा में रहा - सांसदों का निलंबन, पीएम का लोकसभा में सुरक्षा वजहों से भाषण देने नहीं आना। ये घटनाएं जनता के सामने जनप्रतिनिधियों की अच्छी तस्वीर पेश नहीं करतीं।

## टेंट कोटेशन में ट्रस्ट पर अनियमितता के आरोप

*मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)। शिवधाम सालबर्डी मेले में टेंट के कोटेशन में अनियमितता को लेकर कलेक्टर से शिकायत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष लगने वाले मेले के लिए शिवधाम सालबर्डी मेला ट्रस्ट द्वारा टेंट के कोटेशन आमंत्रित किये गये थे। जिसमे तहसीलदार द्वारा बिना सामग्री का पूर्ण अवलोकन किये कम राशि वाले को वर्क आर्डर न देकर अधिक राशि वाले को वर्क आर्डर दिया गया है। प्रार्थी देवेश देशमुख निवासी प्रभात पट्टन द्वारा की गई शिकायत में कहा गया है कि पट्टन तहसीलदार से जब इस विषय में सवाल किए गए तो उन्होंने संतोष प्रद जवाब नहीं देते हुए कहा गया कि जो कर दिया गया है वह सही है। पूरे मामले में ट्रस्ट के सदस्यों के द्वारा भी निवेदन करने पर शिकायत नहीं सुनी गई तथा सूचना के अधिकार के तहत भी जानकारी माँगे जाने पर भी प्रदाय नहीं की जा रही है।*

## भागवत कथा आज से, ग्राम में निकली कलश यात्रा

*गुदगांव (राष्ट्रीय जनादेश)। भैंसदेही विकासखंड के अंतर्गत ग्राम गुदगांव (चिल्कापुर) के रामेश्वरम शिवधाम मंदिर में 11 से 17 फरवरी तक रुद्र महायज्ञ एवं शिव महापुराण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।*



*कार्यक्रम में कथा वाचक पंडित अविनाश खंडाग्रे कथा एवं प्रवचन के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति रस प्रदान करेंगे। आयोजन के तहत 10 फरवरी को कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में मातृ शक्ति, बुजुर्ग, बच्चे एवं श्रद्धालु शामिल थे। यात्रा ग्राम के विभिन्न मार्गों से होते हुए रामेश्वरम शिवधाम मंदिर पहुंची, जहां शिवजी का पूजन अर्चन किया गया। कलश यात्रा के दौरान छोटे बच्चों द्वारा बनाई गई शिव पार्वती की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी। 11 फरवरी से प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक रुद्र महायज्ञ एवं दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक शिवमहापुराण कथा प्रवचन का आयोजन होगा। रामेश्वरम शिवधाम मंदिर समिति एवं ग्रामीणों द्वारा सभी श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर रुद्र महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा का पुण्य लाभ अर्जित करें।*

## राम का नाम आने से बौखलाहट में है कांग्रेसः सुधाकर

*नांदा (राष्ट्रीय जनादेश)। विकासखंड भीमपुर मुख्यालय में आज विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन एक्ट ग्रामीण के तहत ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार भी शामिल हुए। कार्यक्रम में दामजीपुरा, रतनपुर और भीमपुर मंडल की बैठक का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अनिल उइके, कृष्णा यादव, प्रभारी नितिन गौतम, जनपद अध्यक्ष भैयालाल इरपाचे, प्रशांत शुक्ला, सुनील अडलक, अशोक गौतम, दिलीप आर्य सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री पवार ने कहा कि हमने 45 साल तक के लिए ऐसी योजना बनाई है जिसमें किसी को कठिनाइयां नहीं आएगी। इस योजना का नाम जी राम जी योजना है। योजना के कारण कांग्रेस की जान निकलती जा रहा है। यही कारण है कि झूठी भ्रांति फैलाई जा रही है। जिला अध्यक्ष श्री पंवार ने सभी मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिए कि सभी गांव-गांव में जाकर चौपाल लगाएं। ग्रामवासियों को समझाएं और शासन की अन्य योजनाओं के बारे में भी बताएं। कार्यक्रम को जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, अध्यक्ष भैयालाल इरपाचे, नितिन गौतम ने भी संबोधित किया।*

## रेत, गिट्टी का अवैध परिवहन कर रहे 2 वाहन जब्त

*बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत खनिज विभाग द्वारा 10 फरवरी को खनिज अमले के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन दौरा कर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान खनि निरीक्षक बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ मुलताई क्षेत्रांतर्गत ग्राम दुनावा के समीप से खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 1 वाहन ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 28 एडी 1922 को जप्त कर पुलिस चौकी दुनावा की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। वहीं मुलताई के साईखेड़ा क्षेत्र से खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 1 वाहन डम्पर क्रमांक एमपी 04 एचई 5743 को जप्त कर पुलिस थाना साईखेड़ा की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। उल्लेखनीय है कि खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम के लिए कार्यवाही लगातार जारी है। उपरोक्त अवैध परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण नियम 2022 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही कर प्रकरणों को न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है।*

# आज सजाया जाएगा भीमाशंकर का मंडप

## ■ खन मिट्टी से होगी विवाह की रस्म पूर्ण

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। नगर के महाकाल चौक कोठी बाजार से 15 फरवरी को निकलने वाली देवाधिदेव बाबा महाकाल की भव्य शिव बारात से पहले हर दिन शिव विवाह की परंपरागत रस्में उसी विधि-विधान और अनुशासन के साथ निभाई जा रही हैं, जैसे किसी घर में विवाह होता है। यही कारण है कि यह आयोजन धार्मिक कार्यक्रम से आगे बढ़कर सामाजिक सहभागिता का स्वरूप ले चुका है।**

### इनको सौंपी है जिम्मेदारी

श्री शंभू भोले सेवा उत्सव समिति के सनी ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष शिव बारात की देखरेख और संपूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी नारी शक्ति को सौंपी गई



है। शिव बारात के दौरान पूनम बिसोने, योगिता उइके, इशिका नामदेव, प्रेमलता परते, किरण धुर्वे, श्रुति सोनारे, गुंजन काकोड़िया, मोनिका उइके और शर्मिला कवड़े व्यवस्था संभालेंगी। समिति का कहना है कि यह निर्णय महिला सहभागिता को सम्मान देने और सामाजिक समरसता का संदेश देने के उद्देश्य से लिया गया है।

### विवाह की रस्मों को बढ़ाया आगे

मंगलवार को शिव विवाह उत्सव के अंतर्गत केदारनाथ की खनमिट्टी का आयोजन शाम 4 बजे परंपरागत विधि से संपन्न हुआ। महिलाएं पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ बाजे-गाजे के साथ खनमिट्टी लेने गईं। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने मिट्टी लाकर विवाह की रस्मों को आगे बढ़ाया। इसके बाद शिव विवाह की अन्य परंपरागत रस्में भी निभाई गईं। पूरा आयोजन शास्त्रसम्मत रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न किया जा रहा है, जिससे धार्मिक अनुशासन और परंपरा की गरिमा बनी हुई है।

### मंडल की यह करेंगी साज सज्जा

समिति के मनीष मालवी ने बताया कि आज बुधवार 11 फरवरी को भीमाशंकर के नाम से मंडप सजाया जाएगा। इस आयोजन की जिम्मेदारी निर्मला यादव, सरिता श्रीवास्तव, माधुरी नामदेव, रीता दत्ता, नीता वराठे, सोनल पाटिल, सोनम मिश्रा, आयुषी नामदेव, कशिश तातेड़, सुनीता पांडे, ममता शुक्ला, बिल्लो पवार, आरती शुक्ला, कंचन मिश्रा और मुस्कान घोड़पे को सौंपी गई है। समिति के अनुसार मंडप सज्जा पूरी तरह पारंपरिक स्वरूप में की जाएगी।

### प्रतिदिन किया जा रहा श्रृंगार

इससे पहले काशी विश्वनाथ की हल्दी, त्र्यंबकेश्वर की मेहंदी और रामेश्वरम् के नाम से संगीतमय आयोजन संपन्न किए जाएंगे। इन सभी आयोजनों के बाद 15 फरवरी को महाकाल चौक कोठी बाजार से बाबा महाकाल की भव्य शिव बारात नगर भ्रमण पर निकलेगी। पूरे शिव विवाह उत्सव के दौरान महाकाल मंदिर में विराजित शिवलिंग का प्रतिदिन श्रृंगार सुप्रसिद्ध मूर्ति कलाकार सुनील प्रजापति द्वारा किया जा रहा है। पुष्प, भस्म, बेलपत्र और पारंपरिक पूजन सामग्री से किए जा रहे श्रृंगार से मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है।

## पेज 1 से जारी...

### किसानों पर...

लिए खासा मुश्किल हो जाता है। इस साल के आंकड़े भी कुछ यही स्थिति बयां कर रहे हैं।

### किसानों पर बकाया 687.32 करोड़

यदि जिले भर में किसानों पर कुल बकाया ऋण की स्थिति देखे तो वर्तमान में चालू वर्ष और कालातीत दोनों ही तरह का 687.32 करोड़ रुपये का ऋण शेष है। यह ऋण 1 लाख, 34 हजार किसानों पर बाकी है। इनमें से 52080 किसान समय पर ऋण अदा नहीं करने के कारण ओवरड्यू की श्रेणी में आ चुके हैं।

### चालू वर्ष का ही 363 करोड़ का ऋण

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा केवल खरीफ सीजन में ही 363 करोड़ रुपये का ऋण किसानों को मुहैया कराया गया था। यह ऋण 81000 किसानों को मुहैया कराया गया था। इस ऋण की वसूली 28 मार्च तक की जाना है।

### कालातीत होने पर नहीं मिलेंगे लाभ

किसान यदि आखरी तारीख तक अपनी ऋण राशि अदा नहीं करते हैं तो उन्हें कई नुकसान उठाने पड़ेंगे। सबसे बड़ा नुकसान यह होगा कि उन्हें शून्य प्रतिशत ब्याज दर का लाभ नहीं मिलेगा। इसके विपरीत उन्हें फिर ली गई ऋण राशि ब्याज सहित अदा करना होगा। इसके अलावा उधारी में खाद-बीज की सुविधा भी नहीं मिल सकेगी। इसके अलावा उन्हें फसल बीमा का लाभ भी नहीं मिलेगा। ऐसे में प्राकृतिक आपदा-विपदा में फसल खराब होती है तो दोहरा नुकसान उठाने को मजबूर होना पड़ेगा।

### गन्ना बाड़ी में...

दौरान मजदूरों को तेज दुर्गंध महसूस हुई। दुर्गंध के स्त्रोत की तलाश करने पर खेत में एक महिला का शव पड़ा मिला। इसके बाद मजदूरों ने गन्ना कटाई ठेकेदार को सूचना दी, जिसने तत्काल पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर चिचोली पुलिस मौके पर पहुंची और सड़ी-गली अवस्था में महिला के शव को बरामद किया। महिला की उम्र 40 से 45 वर्ष की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार शव काफी पुराना है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस संबंध में एएसआई मुलायम सिंह ने बताया कि मेलघाट स्थित मेघराज मोगरे के गन्ने के खेत में एक अज्ञात महिला का शव सड़ी-गली हालत में मिला है। महिला ने स्वेटर, साड़ी और झुमके पहन रखे थे, लेकिन शव पूरी तरह गल चुका है। फिलहाल पुलिस महिला की पहचान में जुटी हुई है।

### दो दिन में..

कई व्यापारियों और कुछ बड़े किसानों के पास पिछले तीन साल से सोयाबीन रखा हुआ है। इस साल भावान्तर योजना में सोयाबीन खरीदी बंद होने के बाद सोयाबीन के दाम में उछाल आने लगा। बैतूल मंडी में ही सोयाबीन के अधिकतर दाम 5900 रूपए प्रति क्विंटल हो गए वहीं प्रचलित दाम भी 5600 रूपए तक पहुंच गए थे। परीक्षा माह में सोयाबीन के दाम में उतार चढ़ाव शुरू हो गया। इस दौरान कई व्यापारियों और किसानों ने मुनाफा वसूली करने के कारण आधा से अधिक सोयाबीन बेच दिया वहीं कई किसान दाम और अधिक बढ़ने की उम्मीद में सोयाबीन नहीं बेच पाए। पिछले सप्ताह में भी शनिवार को बैतूल मंडी में सोयाबीन के अधिकतर दाम 5850 रूपए और प्रचलित दाम 5600 रूपए प्रति क्विंटल थे। शनिवार को सोयाबीन की आवक मात्र 895 क्विंटल ही थी। दाम बढ़ने से सोमवार को सोयाबीन की आवक लगभग साढ़े तीन गुना बढ़कर 3 हजार 165 क्विंटल हो गई। आवक बढ़ने के साथ ही मिल में दाम कम होने से सोयाबीन के अधिकतम और प्रचलित दाम कम हो गए। अधिकतम दाम लगभग 150 रूपए क्विंटल कम होकर 5701 रूपए क्विंटल और प्रचलित दाम ढाई सौ रूपए क्विंटल कम होकर 5350 रूपए क्विंटल हो गए। दाम कम होने का दौर मंगलवार को भी जारी रहा। मंगलवार को अधिकतम दाम 275 रूपए प्रति क्विंटल कम होकर 5426 रूपए और प्रचलित दाम 325 रूपए कम होकर 5075 रूपए प्रति क्विंटल हो गए। इस सप्ताह के शुरूवाती दो दिनों में ही सोयाबीन के अधिकमत दाम 424 रूपए प्रति क्विंटल और प्रचलित दाम 575 रूपए क्विंटल कम हो गए है। सोयाबीन के दाम कम होने से सोयाबीन का स्टॉक करने वाले स्टाकिस्ट और सोयाबीन नहीं बेचने वाले किसानों में दहशत है।

### अंग्रेजी के प्रश्नपत्र...

सहित 25 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। किसी भी परीक्षा केन्द्र में कोई नकल प्रकरण नहीं बना है।

### एक दिन पहले पहुंचे कई प्रायवेट परीक्षार्थी

जिले में प्रायवेट परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों के लिए जिला मुख्यालय में तीन और बैतूल बाजार सीएम राइज स्कूल में एक परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिले के दूरस्त अंचलों में बने ब्लॉक मुख्यालय के किसी भी परीक्षा केन्द्रों में प्रायवेट परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र नहीं बनाए गए जिससे सीमावर्ती क्षेत्र दामजीपुरा, बीजादेही, दुनावा आदि क्षेत्र के कई परीक्षार्थियों को एक दिन पूर्व ही जिला मुख्यालय पहुंचना पड़ा। कोई अपने रिश्तेदारों के यहां रूका तो कोई होटल में रूका। कुछ सक्षम परीक्षार्थी मंगलवार सुबह ही निजी वाहन से परीक्षा देने पहुंचे। ब्लॉक मुख्यालयों में प्रायवेट परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र नहीं होने से प्रायवेट परीक्षा देने वाले लगभग 900 परीक्षार्थी परेशान हुए।

### छोटा महादेव की...

का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने मेले के पहुंच मार्गों का अवलोकन करते हुए कुछ स्थानों पर झाड़ियों की छंटाई कराने तथा मार्गों की आवश्यक मरम्मत और समतलीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए, जिससे वाहनों का आवागमन सुगम हो सके। उन्होंने निर्धारित पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर सुव्यवस्थित पार्किंग प्रबंधन, संकेतक बोर्ड लगाने एवं यातायात व्यवस्था को नियंत्रित रखने के निर्देश दिए।

### होमगार्ड की करें तैनाती

कलेक्टर-एसपी ने मंदिर परिसर पहुंचकर दर्शन व्यवस्था का अवलोकन किया और निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित मार्ग से ही आवागमन सुनिश्चित कराया जाए। किसी भी अन्य स्थान से पहाड़ी पर चढ़ने से रोकने के लिए आवश्यक बेरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड एवं सूचना डिस्प्ले लगाए जाएं। भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस बल एवं होमगार्ड की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान यह भी निर्देश दिए गए कि मेला क्षेत्र में चिकित्सा की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। दुकानों एवं ठेलों को मुख्य मार्ग से पर्याप्त दूरी पर लगवाने के निर्देश भी दिए गए।

### नहीं होना चाहिए मेले में अव्यवस्थाएं

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और मेले के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी अनिल गर्ग भी उपस्थित रहे, उन्होंने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस दौरान कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग श्रीमती प्रीति पटेल, जिला खनिज अधिकारी मनीष पालेवार, थाना प्रभारी श्रीमती बबीता धुर्वे, रक्षित निरीक्षक पुलिस गजेंद्र केन, वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### चोरी के मामले में...

के झुमके, एक चांदी का कमरबंद, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी चांदी की बिछिया, चांदी के सिक्के, 05 हाथ घड़ी और नकदी 1 लाख 5 हजार रुपए चुरा ले गए थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान आरोपी अनुराग पिता कुंजीलाल पस्तारिया उम्र 53 साल निवासी ग्राम भारकच्छ थाना बरेली जिला रायसेन से पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसने ही अपने साथियों के साथ चोरी की है। इस पर पुलिस ने अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस मामले में पुलिस ने प्रवीण उर्फ अन्ना पिता भैयालाल लांजीवार उम्र 27 साल निवासी मंडीदीप, कासिफ उर्फ सोहेल पिता असलम खान उम्र 30 साल निवासी मंडीदीप, यूसुफ उर्फ बिट्टू पिता नईम बेग उम्र 39 साल निवासी आदमगढ़-नर्मदापुरम और चंद्रकला पति भैयालाल लांजीवार उम्र 50 साल निवासी मंडीदीप को भी गिरफ्तार किया है।

### चोरी का इतना सामान किया बरामद

इस मामले में आरोपियों से एक सोने का गले का हार, एक जोड़ी सोने के कंगाल, एक जोड़ी सोने के कान के झुमके, एक चांदी का कमरबंद, तीन जोड़ी चांदी की बिछिया, एक जोड़ी चांदी के कड़े, चांदी का सिक्का, स्प्लेंडर मोटर साइकिल, एक चांदी का कमरबंद, एक जोड़ी चांदी की मोटी पायल, एक जोड़ी चांदी की पायल, यामाहा एफजेड मोटर साइकिल, 4 मोबाइल फोन और 2 हाथ घड़ी जब्त की है।

### महिलाओं ने लगाई थी सूने मकान में सेंध

इधर कोतवाली थाना बैतूल के चोरी के मामले में पुलिस ने 3 महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनसे चोरी गया माल भी बरामद किया है। उन्होंने भवानी प्रसाद मालवीय कृष्णपुरा टिकारी बैतूल के सूने मकान से 25 अक्टूबर से 1 नवंबर 2025 के बीच चोरी की थी। मकान का ताला तोड़कर पुराने इस्तेमाली सोने-चांदी के जेवरात, चांदी के सिक्के, सोने की चेन, मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, मोती, चांदी की पायल, करधन, 43 इंच एलजी का टीवी एवं अन्य गृहस्थी का सामान चोरी किया था।

### नागिन, टकली और ग्रेशी गिरफ्तार

विवेचना के दौरान तलाश-पतारसी करते हुए ओझाढाना गंज बैतूल क्षेत्र की संदिग्ध महिलाओं को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उन्होंने चोरी करना स्वीकार किया। इस पर पुलिस ने ग्रेशी उर्फ निशा पति राकेश उर्फ लस्सी आहके उम्र 23 वर्ष, संजना उर्फ नागिन पिता जय धुर्वे उम्र 21 वर्ष और सुनिता उर्फ टकली पति योगेश धुर्वे उम्र 35 वर्ष तीनों निवासी ओझाढाना को गिरफ्तार किया है।

### कबाड़ बीनते समय की थी रेकी

आरोपियों ने बताया कि कबाड़ बीनते समय टिकारी क्षेत्र में एक मकान पर कई दिनों से ताला लगा देख 31 अक्टूबर की रात्रि में उन्होंने मकान का ताला तोड़कर चोरी की थी। तीनों आरोपियों से चोरी का सामान जब्त किया गया है। तीनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जिला जेल भेजा गया।


**कार बेचना है**

टाटा नेक्सों कार टॉप मॉडल फुली लोडेड बढ़िया कंडीशन में 2020 का मॉडल है जो भी लेने का इच्छुक हो इन नंबरों पर कांटेक्ट करें कार मुलताई में है।

संपर्क करे : 9425610958 9713016459



**रामकृष्ण कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एजूकेशन, खंजनपुर, बैतूल (मप्र)**

(एनसीटीई, नई दिल्ली से मान्यता एवं राजाशंकर शाह विवि छिंदवाड़ा तथा बरकतउल्लाह विवि भोपाल के सम्बद्धता प्राप्त)

बी.एड. एवं बीएससी. बी.एड. पाठ्यक्रम हेतु

यूजीसी परिनियम - 28 के तहत निम्न पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

| क्र. | पदनाम- सहायक प्राध्यापक | पद संख्या | योग्यता - प्रत्येक विषय में 55 प्रतिशत या अधिक अंकों के साथ |
|---|---|---|---|
| 1 | शिक्षा के परिप्रेक्ष्य | 3 | किसी भी विषय एवं शिक्षा में स्नातकोत्तर उपाधि तथा शिक्षा में पीएच.डी. उपाधि |
| 2 | शिक्षण शास्त्र (भाषा हिन्दी /अंग्रेजी / संस्कृत) | 1 | भाषा (हिन्दी / अंग्रेजी / संस्कृत विषय एवं शिक्षा में स्नातकोत्तर उपाधि तथा शिक्षा या भाषा (हिन्दी / अंग्रेजी / संस्कृत) विषय में पीएच. डी. उपाधि |
| 3 | शिक्षण शास्त्र (विज्ञान भौतिकी, रसायन/ जीवशास्त्र / जैव तकनीकी) | 1 | विज्ञान (भौतिकी / रसायन / जीवशास्त्र जैव तकनीकी) एवं शिक्षा में स्नातकोत्तर उपाधि तथा शिक्षा या विज्ञान (भौतिकी / रसायन / जीवशास्त्र / जैव तकनीकी) विषय में पीएच. डी. उपाधि |
| 4 | शिक्षण शास्त्र (सामाजिक विज्ञान भूगोल / अर्थशास्त्र/ राजनीतिशास्त्र/इतिहास) | 1 | सामाजिक विज्ञान (भूगोल / अर्थशास्त्र / राजनीतिशास्त्र / इतिहास) एवं शिक्षा में स्नातकोत्तर उपाधि तथा शिक्षा या विज्ञान (भौतिकी / रसायन /जीवशास्त्र / जैव तकनीकी) विषय में पीएच.डी. उपाधि |
| 5 | शिक्षण शास्त्र (गणित) | 2 | गणित विषय एवं शिक्षा में स्नातकोत्तर उपाधि तथा शिक्षा या विज्ञान (भौतिकी / रसायन / जीवशास्त्र / जैव तकनीकी) विषय में पीएच.डी. उपाधि |
| 6 | दृष्य कला (चित्रकला) | 1 | चित्रकला में स्नातकोत्तर उपाधि |
| 7 | निष्पादन कला (गायन / वादन /नृत्य कला) | 1 | गायन / वादन अथवा नृत्य में स्नातकोत्तर उपाधि |

1. किसी भी पद हेतु अभ्यर्थी का शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव तथा सम्बन्धित विषय अथवा शिक्षा में नेट अथवा सेट / स्लेट वांछनीय है। 2. इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन प्रकाशित तिथि के दस दिवस के भीतर महाविद्यालय के पते पर अथवा मेल आईडी srjournalvy@gmail.com पर प्रेषित करे। 3. पता: सचिव / निदेशक / प्राचार्य, रामकृष्ण कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एजूकेशन, दुर्गा वार्ड, (अर्जुन नगर के पास) खंजनपुर, बैतूल मध्य प्रदेश 480001

जानकारी के लिये सम्पर्क करे मोबाईल नम्बर 9425003450 नीरज पांसे (सचिव) 8839534899 पुलकित मालवीय (निदेशक) 9009627756 डॉ. शरद सुन्दरम (प्राचार्य)




**पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु कर्मचारियों की आवश्यकता है**

- साईट इंजीनियर (कंस्ट्रक्शन)-1 पद
- शिफ्ट सुपरवाईजर -2 पद
- डीएसएम - 2 पद
- हाउसकीपिंग-2 पद
- कंस्ट्रक्शन सुपरवाईजर-1 पद

संपर्क : हाईवे ग्लोरी बीपीसीएल डीलर बडोरा, बैतूल मो. 6260196621

1602


## मंडी भाव, कृषि उपज मंडी, बैतूल



दिनांक : 10.02.2026

| जिंस का नाम | आवक | न्यूनतम | उच्चतम | प्रचलित |
|---|---|---|---|---|
| सोयाबीन पीला | 1913 | 4200 | 5426 | 5075 |
| चना | 20 | 4051 | 4799 | 4601 |
| मक्का | 21976 | 1300 | 1700 | 1540 |
| गेहूं | 2255 | 2140 | 2478 | 2471 |
| सरसों | 01 | 5500 | 5500 | 5500 |
| तुअर | 08 | 4000 | 7401 | 7001 |
| मूंग | --- | --- | --- | --- |
| उड़द | --- | --- | --- | --- |
| गुल्ली | --- | --- | --- | --- |
| मसूर | --- | --- | --- | --- |
| बटना | --- | --- | --- | --- |
| योग | 26173 | | | |

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मयूर भार्गव द्वारा मुद्रक डीबी कॉर्प लिमि. फौजदार गैरेज, पवारखेड़ा इटारसी रोड, होशंगाबाद से मुद्रित और प्रधान कार्यालय सिविल लाइन, बैतूल से प्रकाशित। संपादक-मयूर भार्गव। समस्त दीवानी, फौजदारी एवं न्यायिक कार्यवाही के लिए क्षेत्राधिकारी बैतूल न्यायालय ही होगा। प्रधान कार्यालय-917141355484

## खबर एक नजर

### चाकू लेकर सरेआम घूम रहा आरोपी धराया

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** कोतवाली बैतूल पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर चाकू लेकर घूम रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति चक्कर रोड पेट्रोल पंप के पास हाथ में लोहे का धारदार चाकू लेकर घूम रहा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची एक संदिग्ध व्यक्ति को चाकू सहित पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम सन्नी उर्फ संदीप धुर्वे, पिता स्वर्गीय विसराम धुर्वे, उम्र 20 वर्ष, निवासी हिवरखेड़ी बताया। आरोपी को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### तपश्री आश्रम में भागवत कथा का शुभारंभ, शोभायात्रा निकली



**चिचोली (राष्ट्रीय जनादेश)।** नगर के श्री तपश्री आश्रम में श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ श्रद्धाभाव के साथ हुआ। तपश्री बाबा की कर्म स्थली कहे जाने वाले सोनपुर चिचोली स्थित आश्रम में यह आयोजन मंगलवार से प्रारंभ हो कर 17 फरवरी तक चलेगा। आज सुबह यजमान परिवार सहित भक्तों ने शोभायात्रा निकाली और हवन-पूजन कर समारोह की शुरूआत की। इटारसी से पधारे कथा वाचक पंडित आशीष दुबे ने भागवत कथा का विधिविधान से शुभारंभ किया।

### प्राचीन श्री माता मंदिर का तृतीय वार्षिक महोत्सव आज

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** शंकर नगर भग्गूढाना स्थित प्राचीन श्री माता मंदिर में आज 11 फरवरी दिन बुधवार को तृतीय वार्षिक महोत्सव के अवसर पर शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति अध्यक्ष अशोक तलेड़ा (डब्बू सेठ) ने बताया कि तृतीय वार्षिक महोत्सव के तहत मंदिर में सभी देवी-देवताओं का विधिवत अभिषेक-पूजन किया गया तथा श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ नवीन वस्त्रों से उनका आकर्षक श्रृंगार किया गया है। समिति ने श्रद्धालुओं से भंडारे में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है।

### भीमपुर क्षेत्र के 9 केंद्रों पर 851 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा, 8 गैर हाजिर

**नांदा (राष्ट्रीय जनादेश)।** भीमपुर क्षेत्र के 9 परीक्षा केंद्रों पर 851 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा दी। आज हुए प्रश्न पत्र में मात्र 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए हैं। आज अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। सभी केंद्र पर बच्चे उपस्थित रहे, लेकिन दो से तीन केंद्रों पर कुछ बच्चे अनुपस्थित पाए गए। केंद्र अध्यक्षों ने अपनी कड़ी निगरानी में परीक्षा ली। इस मौके पर पुलिस विभाग भी सजग रहा। भीमपुर बीईओ ने ग्राम दामजीपुरा, मोहटा, देसली का सघन दौरा किया। कड़ी निगरानी में परीक्षा ली गई है। दामजीपुरा केंद्र पर 69 में से 69, देसली 35 में से 35, मोहटा में 46 में से 46, चूनालोमा 61 में से 61 और उत्कृष्ट विद्यालय भीमपुर में 276 में से 276 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं रतनपुर में 110 में से 3, गुरुवा पिपरिया में 64 में से 1, नांदा में 99 में से 2 और चादू केंद्र में 91 में से 2 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे।

## मनरेगा के मुकाबले वीबी जी राम जी को बनाया पारदर्शी और प्रभावी



*घोड़ाडोंगरी (राष्ट्रीय जनादेश)। विकसित भारत जी राम जी योजना पर मंगलवार को पूर्व संसदीय सचिव रामजीलाल उइके, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र मालवीय, किशोर बरदे के आतिथ्य एवं मुख्य अतिथि कमलेश सिंह की गरिमामय उपस्थिति में ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन का आयोजन घोड़ाडोंगरी नगर में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि कमलेश सिंह ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी कानून ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी और 2047 तक भारत को विकसित करने में मदद करेगी। मनरेगा योजना में कई त्रुटियां थीं, जिसे मोदी सरकार ने जी राम जी योजना में बदलकर पारदर्शी और प्रभावी बनाया है। जी राम जी योजना में कामगारों को प्रति सप्ताह मजदूरी का भुगतान करना अनिवार्य है। पूर्व संसदीय सचिव रामजीलाल उइके ने कहा कि विकसित भारतः जी राम जी एक्ट 2025 के तहत गांव की जरूरत का कोई भी काम कराए जाने का फैसला अब ग्राम सभा द्वारा ही लिए जा सकेंगे। अब गांव की जरुरतों के अनुसार काम होगा, यही इस योजना की आत्मा है। राजेंद्र मालवीय ने कहा कि जी राम जी एक्ट के तहत 100 नहीं बल्कि 125 दिनों के काम की कानूनी गारंटी दी गई है। काम न मिलने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ते के प्रावधान को और सशक्त बनाया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि भारत सरकार 'जी राम जी' कानून के जरिए ग्रामीण महिलाओं को भी सशक्त बनाना चाहती है। इसके लिए मजदूरी के साथ-साथ अन्य कार्यों में भी उनके लिए पर्याप्त अवसर सुनिश्चित किए गए हैं। कार्यक्रम में विशाल सिंह ठाकुर, राजेश महतो, नंदन यादव, दीपक सिनोटिया, विभल्व समझदार, सरपंच संघ अध्यक्ष सहनवती वरकड़े मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ने किया एवं आभार आवास मिश्रा द्वारा किया गया।*

# अब राजनैतिक अखाड़े में लड़ी जा रही सड़क की जंग

- ग्रामीणों पर मुकदमे के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल
- विधायक पंडाग्रे के घेराव की कांग्रेसियों ने दी चेतावनी
- लादी-सारणी मार्ग विवाद में एफ आईआर से भड़का गुस्सा
- तहसीलदार और टीआई को सौंपा ज्ञापन देकर जताया रोष
- केस वापस न होने पर उग्र आंदोलन करने का दिया अल्टीमेटम



**आमला (राष्ट्रीय जनादेश)। विकास की जायज मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों पर पुलिसिया मुकदमेबाजी के बाद आमला क्षेत्र में सियासी तापमान चरम पर पहुँच गया है। लादी-सारणी सड़क निर्माण की मांग उठा रहे ग्रामीणों पर एफआईआर दर्ज किए जाने के विरोध में अब कांग्रेस ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और सेवादल के बैनर तले सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जनपद चौक पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि जनता का हक मांगने वालों को अपराधी बनाना लोकतंत्र की हत्या है।**

### विधायक और प्रशासन के खिलाफ लामबंद हुए ग्रामीण

क्षेत्र के ग्राम तिरमहूं और लादी के ग्रामीण पिछले लंबे समय से सड़क निर्माण तथा सफाई व्यवस्था को लेकर शासन-प्रशासन के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उनकी समस्या सुनने के बजाय प्रशासन उन्हें डराने-धमकाने के लिए झूठे पुलिस प्रकरण दर्ज कर रहा है। सोमवार को जहां गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने आमला बंद का आह्वान करने का अल्टीमेटम दिया था, वहीं मंगलवार को कांग्रेस के शक्ति प्रदर्शन ने प्रशासन की पेशानी पर बल ला दिए हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि जनभावनाओं को कुचला जा रहा है।

### तहसीलदार और थाना प्रभारी को दिया अल्टीमेटम

कांग्रेसियों का जत्था सबसे पहले नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचा, जहां कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। इसके उपरांत सभी कार्यकर्ता थाने पहुंचे और एसपी के नाम थाना प्रभारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में पुरजोर मांग की गई है कि लादी और तिरमहूं के जिन निर्दोष ग्रामीणों पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है, उन्हें अविलंब निरस्त किया जाए। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने अपनी दमनकारी नीति नहीं बदली, तो उग्र आंदोलन की जिम्मेदारी शासन की होगी।

### प्रदर्शन में ये रहे मौजूद

इस बड़े प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मनोज मालवे, नगर पालिका अध्यक्ष नितिन गाडरे, नपा उपाध्यक्ष किशोर माथनकर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेंद्र भावसार, बोरदेही ब्लॉक अध्यक्ष महेश यादव, सेवादल अध्यक्ष महेंद्र सिंह परमार पूर्व अध्यक्ष मनोज देशमुख यशवन्त चढोकर प्रदीप कोकाटे वीरेंद्र बरथे, छन्नू बेले रमेश प्रजापति, कन्हैया साहू, गोलू यादव कुंदन यादव, गब्बू धुर्वे, यशवंत हुड़े, मनीष नागले सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और कांग्रेस कार्यकर्ता अपनी उपस्थिति दर्ज कराने पहुंचे।

### सड़क निर्माण और केस वापसी पर अड़े कांग्रेसी

कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन के समक्ष तीन सूत्रीय मांगें रखी हैं, जिन पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई हैं। लादी-सारणी सड़क का निर्माण कार्य तमाम तकनीकी बाधाएं दूर कर तुरंत शुरू किया जाए। आवरियां-सारणी सड़क निर्माण की कागजी प्रक्रिया को गति देकर जल्द से जल्द धरातल पर काम लगाया जाए। हक की आवाज उठाने वाले ग्रामीणों पर दर्ज किए गए तमाम पुलिस प्रकरण तत्काल प्रभाव से वापस लिए जाएं।

### तिरमहूं के ग्रामीणों का फूटा दर्द

पुलिस द्वारा ग्राम तिरमहूं के आधा दर्जन से अधिक लोगों पर मामला दर्ज किए जाने से गांव में भारी आक्रोश है। इसी कड़ी में मंगलवार को तिरमहूं से 50 से अधिक ग्रामीण खुद चलकर आमला पहुंचे। ग्रामीणों ने व्यथित होकर कहा, ष्हम अपराधी नहीं, हम इस क्षेत्र के नागरिक हैं और सिर्फ अपने हक की मांग कर रहे थे, लेकिन बदले में हमें थाने और कचहरी के चक्कर कटवाए जा रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वाले ग्रामीणों में भोजराज ठाकरे, राहुल ठाकरे, संतोष वराठे, बद्रीनाथ सहित अन्य ग्रामीण प्रमुख रूप से शामिल थे। कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि मनोज मालवे ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक ग्रामीणों को न्याय नहीं मिलता, यह लड़ाई थमने वाली नहीं है।

## महाशिवरात्रि को लेकर सभी मंडलों ने की तैयारियां

**▪ चाक चौबंद रहेगी पुलिस की व्यवस्था, होगा भण्डा**



*आठनेर (राष्ट्रीय जनादेश)। नगर से 5 किलोमीटर दूर दक्षिण दिशा में स्थित धार्मिक स्थल गुप्तेश्वर में प्रतिवर्ष लगने वाला महाशिवरात्रि के मेले को लेकर सभी मंडलों एवं आयोजकों ने मेले की तैयारियां पूर्ण कर ली है जिसको लेकर गुप्तेश्वर में अपनी तैयारी पूर्ण कर रहे है। वहीं पुलिस प्रशासन भी अपनी तैयारी में जुटा हुआ है। गुप्तेश्वर में लगने वाले महाशिवरात्रि मेले को लेकर पुलिस ने भी अपनी चाक चौबंद व्यवस्था कर ली गई है। इस संबंध में रामलीला मंडल भोला मंडल चौरागढ़ समिति नंदीगढ़ समिति द्वारा अपने-अपने मठ मंदिरों की साफ सफाई एवं पुताई का कार्य पूर्ण कर लिया है। मेले का आयोजन महाशिवरात्रि पर्व पर मेला आयोजित होगा। इस मेले में आठनेर विकासखंड के कई ग्रामों से श्रद्धालुओं पहुंचते हैं और भगवान शंकर के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं।*

### सभी मंडल करते हैं भंडारा

*गुप्तेश्वर में लगने वाले महाशिवरात्रि मेले को लेकर जहां रामलीला मंडल भोला मंडल चौरागढ़ समिति नंदीगढ़ समिति सभी भंडारे का आयोजन करते हैं और श्रद्धालुओं को साबूदाने की खीर का वितरण करते हैं सभी मंडल इस भंडारा प्रसादी को देर रात तक श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी बनाकर वितरण करते हैं*

### पुलिस की रहती है चाक चौबंद व्यवस्था

*महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए आठनेर थाना प्रभारी श्री विजय सिंह ठाकुर ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए क्षेत्र के सभी शिवालय देवालय्यों में पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था की गई है एवं गुप्तेश्वर मेले के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है जिसको लेकर पुलिस की नजर बनी रहेगी एवं मेले में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस पूरी सतर्कता के साथ मेले पर नजर बनाए हुए रहेगी।*

### मेले में रहेगी स्वास्थ्य विभाग की टीम

*विकासखंड चिकित्सा अधिकारी सचिन आहतकर ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वास्थ्य विभाग की टीम महाशिवरात्रि मेले को देखते हुए प्राथमिक उपचार के साथ तैनात रहेगी। अगर किसी को मेले में कोई परेशानी आती है तो वह स्वास्थ्य विभाग से संपर्क कर सकते हैं प्रतिवर्ष हमारा काउंटर वहां रहता है। इस वर्ष अभी वह काउंटर कहां रहेगा।*

### बरखेड़ में भी की तैयारियां

*गुप्तेश्वर पर लगने वाला महाशिवरात्रि का मेला ग्राम पंचायत बरखेड़ के अंतर्गत आता है इस ग्राम पंचायत की सचिव श्रीमती संध्या अडलक ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पहुंच मार्ग पर मुरम डलवाई है और पीने के पानी के लिए टैंकर की व्यवस्था की गई है। ग्राम पंचायत से जो भी श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था हो सकती है वह पूर्ण कर ली गई है।*

# विजेंद्र और महेश को कमान सौंपने से हर्ष

**▪ आमला और बोरदेही में कांग्रेस ने नियुक्त किए ब्लाक अध्यक्ष**



**आमला (राष्ट्रीय जनादेश)।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सोमवार रात बहुप्रतीक्षित ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जारी कर दी है। इसमें आमला-सारणी विधानसभा के अंतर्गत आमला ब्लॉक की जिम्मेदारी विजेंद्र भावसार को सौंपी गई है, वहीं बोरदेही ब्लॉक का अध्यक्ष महेश यादव को नियुक्त किया गया है।

नियुक्ति की खबर मिलते ही मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जनपद चौक पर एकत्रित हुए, जहां नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों का स्वागत किया गया और जमकर आतिशबाजी की गई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

### पूर्व मंत्री का माना आभार

जश्न के बाद देर शाम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि मनोज मालवे के नेतृत्व में 100 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं का काफिला मुलताई के लिए रवाना हुआ। कार्यकर्ता पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक सुखदेव पांसे का आभार व्यक्त करने उनके निवास पहुंचे। गौरतलब है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश के 800 से अधिक ब्लॉकों में नियुक्तियां पहले ही कर दी गई थीं, लेकिन आमला ब्लॉक में चयन की प्रक्रिया अटकी हुई थी। सोमवार रात सूची जारी होने के बाद अब संगठन की रिक्तियां भर गई हैं, जिससे आगामी चुनावों से पहले संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## कालेज रोड के दोनों ओर हुआ बेजा अतिक्रमण

*मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)। नगर से चंदोरा मार्ग पर शासकीय महाविद्यालय के आसपास सड़क के दोनों ओर लगातार बढ़ते अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। हाल ही में हुई दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से अतिक्रमण हटाने की मांग तेज कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि महाविद्यालय के मुख्य द्वार से लेकर सड़क किनारे तक अवैध गुमटियां, चाय-नाश्ते की दुकानें एवं अन्य अस्थायी निर्माण तेजी से बढ़ गए हैं। कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा कर दुकानों के माध्यम से किराया वसूले जाने की भी शिकायत की गई है, जबकि जिम्मेदार विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रहा है।*

*बताया जा रहा है कि बढ़ते अतिक्रमण के कारण सड़क संकरी होती जा रही है, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का आरोप है कि इसी कारण यहां बार-बार सड़क हादसे हो रहे हैं और कई लोगों की जान जा चुकी है, लेकिन प्रशासन द्वारा अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही अवैध अतिक्रमण हटाकर क्षेत्र को मुक्त नहीं कराया गया, तो आने वाले समय में यह स्थान दुर्घटनाओं का स्थायी केंद्र बन सकता है। नागरिकों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई करते हुए दोषियों पर कार्रवाई तथा अतिक्रमण हटाने की मांग की है।*

## पंचमुखी हनुमान महाकाल मंदिर से निकलेगी शिव बारात

**▪ बारात में शामिल भूत-प्रेत और रहेंगे आकर्षण का केंद्र**

*शाहपुर (राष्ट्रीय जनादेश)। नगर में महाशिवरात्रि पर्व के लिए तैयारियां हो रही हैं। 15 फरवरी रविवार को नगर में बाबा महाकाल पंचमुखी हनुमान मंदिर से पारंपरिक शिव बारात निकाली जाएगी, जिसमें भगवान शिव के गणों के रूप में भूत-प्रेत और अद्भुत वेशभूषा में सजे शिव बाराती मुख्य आकर्षण होंगे। इस आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं के जुटने की उम्मीद है।*

### शिव-पार्वती का होगा विवाह

*शिव बारात एवं विवाह का आयोजन का सबसे बड़ा धार्मिक कार्यक्रम माना जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। शिव बारात के बाद शिव-पार्वती विवाह का अनुष्ठान संपन्न होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभा रहे सुरेन्द्र राठौर ने बताया कि आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए आयोजकों के बीच जिम्मेदारियां तय की गई हैं। सुरक्षा, सजावट, व्यवस्था और कार्यक्रम संचालन के लिए अलग-अलग समितियां बनाई गई हैं, ताकि कोई असुविधा न हो।*

### दिया जा रहा गांव-गांव में न्यौता

*मां गौरा का पवित्र वैवाहिक अनुष्ठान विधि-विधान से संपन्न कराया जाएगा। आयोजन से कई दिन पहले ही धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत हो जाती है। गांव-गांव निमंत्रण देने के लिए न्यौता वाहन भी रवाना किए जाएंगे। आयोजकों का कहना है कि इस वर्ष भी शिव बारात श्रद्धा, आस्था और भव्यता का अद्भुत संगम होगी।*

# भोपाली मेले का नियंत्रण सीताकामथ पंचायत को देने की उठी मांग

**▪ जनपद के अफसरों पर अधिनियम की शक्तियों के हनन का आरोप**

**घोड़ाडोंगरी (राष्ट्रीय जनादेश)। बैतूल जिले के प्रसिद्ध भोपाली मेला के नियंत्रण एवं अधिकार को लेकर नया विवाद छिड़ गया है। अब इस मेले का नियंत्रण जनजातीय ग्राम पंचायत को देने की मांग उठी है। इसके साथ ही जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी के अधिकारियों पर अधिनियम के शक्तियों के हनन के आरोप भी लगे हैं। भाजपा जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री आदिवासी नेता दीपक उइके ने शिवरात्रि में लगने वाले भोपाली मेले का नियंत्रण ग्राम पंचायत को देने की मांग की है। इधर सोमवार को घोड़ाडोंगरी जनपद पंचायत ने मेले और पार्किंग की नीलामी कर दी है। प्रति वर्ष मेले और पार्किंग का नियंत्रण जनपद पंचायत ही करती है। साथ ही आय-व्यय का पूरा लेखा-जोखा जनपद पंचायत के अधीन ही रहता है।**



### पंचायत हर साल उठाती है मांग

मेला क्षेत्र की ग्राम पंचायत सीताकामथ द्वारा प्रति वर्ष मांग की जाती है कि मेले का संपूर्ण नियंत्रण ग्राम पंचायत को दिया जाएं, लेकिन जनपद पंचायत द्वारा उनकी मांग को अनदेखा कर दिया जाता है। इसी मुद्दे को लेकर भाजपा जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री दीपक उइके ने अब मोर्चा खोल दिया है।

### प्रदेश सरकार ने लागू किया पेसा एक्ट

उनका कहना है कि मध्य प्रदेश सरकार ने पेसा एक्ट लागू किया है। लेकिन घोड़ाडोंगरी जनपद पंचायत में अधिकारी भारत सरकार और मध्यप्रदेश सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे हैं। जनजाति क्षेत्र की ग्राम पंचायत का अधिकार मार कर मनमानी कर खुला उल्लंघन कर रहे हैं।

### भ्रष्टाचार के लगाए गंभीर आरोप

दीपक उइके ने जनपद पंचायत के अधिकारियों पर आरोप लगाया है कि भोपाली मेला में मेला नीलामी और पार्किंग ठेके में लाखों की आवक होती है। इसमें भारी भ्रष्टाचार कर बड़ा गोल मोल किया जाता है।

### जिला प्रशासन करें इस मामले में हस्तक्षेप

दीपक उइके ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में हस्तक्षेप कर आदिवासी ग्राम पंचायत को मेला एवं पार्किंग का नियंत्रण दिया जाएं। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर जल्द ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के माध्यम से मुख्यमंत्री से शिकायत की जाएगी।

# शिवम सेवा समिति का 17 वां महाभंडारा 14 से

- लगातार 3 दिन श्रद्धालुओं की सेवा में जुटेगी समिति
- जरूरतमंदों की मदद के लिए होगा रक्तदान शिविर



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** शिवम सेवा समिति द्वारा लगातार सेवा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी कमानी गेट, कोठी बाजार में 17 वें महाभंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह महाभंडारा 14 फरवरी को प्रातः 11:30 बजे से प्रारंभ होकर 16 फरवरी की रात्रि तक निरंतर चलेगा। जहां तीन दिनों तक हजारों श्रद्धालुओं के लिए उत्तम भोजन व्यवस्था की जाएगी।

### श्रद्धालुओं की सेवा करना उद्देश्य

शिवम सेवा समिति के राकेश शर्मा रक्कू ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति का मुख्य उद्देश्य भोपाल एवं पचमढ़ी महादेव दर्शन के लिए जाने और लौटने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करना है। इन श्रद्धालुओं में जिले भर के किसान भाई, माताएं, बहनें और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल रहते हैं। उनके लिए आने-जाने के दौरान सुस्वादु और व्यवस्थित भोजन की व्यवस्था इस महाभंडारे के माध्यम से की जाती है, ताकि वे श्रद्धा और सुविधा के साथ अपनी यात्रा पूर्ण कर सकें।

### रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

राकेश शर्मा ने बताया कि इस महाभंडारे के साथ मानव सेवा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए रक्तदान भी किया जाएगा। उन्होंने बैतूल नगरवासियों से अपील की है कि जो भी व्यक्ति इस पुनीत कार्य में सहभागी बनकर रक्तदान करना चाहता हो, वह उनके मोबाइल नंबर 9425002521 पर संपर्क कर सकता है। शिवम सेवा समिति ने सभी भक्तजनों से इस महाआयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने और सेवा कार्य में सहयोग देने की अपील की है। साथ ही समिति द्वारा बैतूल के सभी होटल व्यवसायी भाइयों से कैंसर मुक्त बैतूल के संकल्प को ध्यान में रखते हुए प्लास्टिक पॉलिथीन एवं ग्लास कप का उपयोग न करने का आग्रह भी किया गया है, ताकि सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का संदेश भी जन-जन तक पहुंच सके।

# राजस्व निरीक्षक और अधिवक्ता के निधन से मुलताई में शोक

- एक की योग के बाद बेहोश होने से दूसरे की दुर्घटना में गई जान

**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।** नगर के दो प्रबुद्ध नागरिकों के निधन से शोक व्याप्त हो गया है। नगर पालिका के सहायक राजस्व निरीक्षक विराम सिंह उइके का सुबह आकस्मिक निधन हुआ, वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश पटेल की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इन घटनाओं से नगर में शोक की लहर दौड़ गई।

### योग करने के बाद हुए बेहोश




नपा के कर्मचारी मनोज सोनी ने बताया कि विराम सिंह उइके ने सुबह अपनी नियमित दिनचर्या के अनुसार योग किया और चाय पी। इसके बाद वे अचानक अस्वस्थ होकर गिर पड़े। परिजनों और नगर पालिका कर्मचारियों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका के सीएमओ वीरेंद्र तिवारी, महेश शर्मा सहित कई अधिकारी-कर्मचारी अस्पताल पहुंचे। सहकर्मियों ने विराम सिंह उइके को एक कर्तव्यनिष्ठ और मिलनसार अधिकारी बताया।

### यहां हुआ सड़क हादसा

दूसरी घटना में, नगर के मार्शल आर्ट एवं अखाड़ा संचालक और वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश पटेल का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। उनके निधन को खेल जगत, अधिवक्ता संघ और समाज के लिए एक बड़ी क्षति माना जा रहा है। मृतक के पुत्र मृत्युंजय पटेल ने बताया कि वे अपने पिता के साथ बाइक से नगर की ओर से वापस आ रहे थे। इसी दौरान सड़क पर अचानक एक जंगली सूअर आ गया। सूअर को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में अधिवक्ता राकेश पटेल के सिर में गंभीर चोट आई।

### उपचार के दौरान तोड़ा दम

स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें नागपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उनका पार्थिव शरीर नगर लाया जा चुका है और आज उनके निवास से अंतिम यात्रा निकाली जाएगी, जिसके बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। अधिवक्ता राकेश पटेल ने वर्षों तक युवाओं को मार्शल आर्ट और अखाड़ा प्रशिक्षण देकर समाज को स्वस्थ दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।


RAJTILAK CINEMA
## राजतिलक मल्टीस्क्रीन
गोकुल ट्रेट सेंटर बैतूल गंज होटल लैंडमार्क के सामने गंज बैतूल




मूवी टिकट बुकिंग और शो टाइमिंग के लिए संपर्क करें
Paytm 9425374009 bookmyshow


# आमला-लादी सड़क को लेकर सेवादल आया सामने

- जिला अध्यक्ष अनुराग मिश्रा का आरोप- भाजपा विधायक के दबाव में हुई कार्रवाई
- सेवादल विस प्रभारी जितेंद्र शर्मा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता ने किया एफआईआर का विरोध

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। आमला-लादी सारणी सड़क निर्माण की मांग को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों पर एफआईआर दर्ज होने के बाद क्षेत्र की राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष अनुराग मिश्रा ने इसे लोकतंत्र की हत्या बताते हुए पुलिस प्रशासन पर दमनकारी नीति अपनाने और क्षेत्रीय भाजपा विधायक के दबाव में कार्रवाई करने का सीधा आरोप लगाया है। अनुराग मिश्रा ने कहा कि जनता की बुनियादी मांग उठाना अगर अपराध है, तो भाजपा के शासनकाल में यह खुला अन्याय है। उन्होंने सेवादल के विधानसभा प्रभारी जितेंद्र शर्मा सहित समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों पर दर्ज एफआईआर को तत्काल रद्द करने की मांग की है।**

### सड़क का हो चुका है भूमिपूजन



अनुराग मिश्रा ने बताया कि लादी-सारणी सड़क की मांग वर्षों पुरानी है। तीन साल पहले इस सड़क का बाकायदा भूमिपूजन किया गया था, लेकिन आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। जिला मुख्यालय से लेकर ब्लॉक स्तर तक बार-बार गुहार लगाने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। जनप्रतिनिधियों और लोक निर्माण विभाग की अनदेखी से परेशान होकर शुक्रवार को ग्राम रतेड़ाकलां में लगभग 500 ग्रामीणों ने शांतिपूर्ण चक्काजाम किया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। इस चक्काजाम के बाद आमला-बोरदेही मार्ग बाधित करने के आरोप में पुलिस ने मनीराम कुमरे, दुर्गेश यादव, ओझा महाजन, जितेंद्र शर्मा, अर्जुन उईके, विजय पारधी, राजू सीलू, मनोज यादव, मुकेश यादव, राजेश सरिया, जियालाल यादव सहित अन्य लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2) और 189(2) के तहत मामला दर्ज किया है। सिर्फ सड़क ही नहीं, तिरमहू गांव में भी सफाई व्यवस्था की मांग करने पर पुलिसिया कार्रवाई से ग्रामीणों में आक्रोश है। यहां सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग कर रहे रविकांत उघड़े, नितिन, संतोष बाराठे, मनोज ठाकरे और भाऊराव सहित छह ग्रामीणों पर भी केस दर्ज किया गया है। अनुराग मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण कई दिनों से सफाई की मांग कर रहे थे, प्रदर्शन की सूचना दो बार प्रशासन को दी गई, इसके बावजूद अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। समाधान करने के बजाय केस दर्ज कर दिए गए। उन्होंने सवाल उठाया कि जो लोग स्वच्छ लोकतंत्र की बात करते हैं, क्या यही उनका लोकतंत्र है। शांतिपूर्ण मांग पर एफआईआर दर्ज करना साफ तौर पर राजनीतिक दबाव में की गई कार्रवाई है, जिसका कांग्रेस अब हर स्तर पर विरोध करेगी।

# हत्या के प्रयास का इनामी आरोपी गिरफ्तार



***बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।*** *कोतवाली बैतूल पुलिस ने हत्या के प्रयास के फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी घटना दिनांक से ही फरार चल रहा था और उस पर इनाम भी घोषित था। इस घटना में शामिल 5 आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पुलिस ने बताया कि इस मामले में आरोपी विनोद यादव को पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। इस मामले में पिंटू धुर्वे उम्र 28 साल निवासी ग्राम मेंढापानी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी पंकज पिता विनोद यादव, नितेश पिता विनोद यादव, शम्भू पिता अनंतराम यादव, गोलू पिता कुंदल यादव और सलीम मिया पिता गफ्फार मिया को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया था। आरोपी विनोद पिता पन्नूलाल यादव निवासी चिखली-माल घटना दिनांक से फरार चल रहा था। उसके विरुद्ध इनाम की उद्घोषणा भी की गई थी।*

# बृजभूषण पांडे बने जिला संगठन महासचिव

- 4 ब्लॉकों में नए अध्यक्ष नियुक्त



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से जिला स्तर पर संगठन महासचिवों की नियुक्ति की गई है। इसी क्रम में बैतूल जिले में जिला संगठन महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी वरिष्ठ कांग्रेस नेता बृजभूषण पांडे को सौंपी गई है। नियुक्ति आदेश प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री एवं संगठन प्रभारी डॉक्टर संजय कामले द्वारा जारी किया गया है।

### जिलाध्यक्ष की अनुशंसा पर हुई नियुक्ति

साथ ही प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन उपरांत बैतूल जिला अंतर्गत नवीन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति भी तत्काल प्रभाव से की गई है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निलय डागा की अनुशंसा पर जारी सूची के अनुसार ब्लॉक आमला से विजेन्द्र भावसार, सारणी से बटेश्वर भारती, सारणी ग्रामीण से ललीत यादव तथा बोरदेही से महेश यादव को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पत्र में अपेक्षा व्यक्त की गई है कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, श्रीमती सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी की मंशा के अनुरूप भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों, सिद्धांतों और संगठनात्मक अनुशासन के अनुसार कार्य करते हुए संगठन को ब्लॉक और जिला स्तर पर मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। नियुक्तियों के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

बधाई देने वालो में कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय विनोद डागा, पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, पूर्व विधायक डॉ पीआर बोडखे, प्रताप सिंग, धरमू सिंग सिरसाम, ब्रम्हा भलावी, विधानसभा प्रभारी रामू टेकाम, समीर खान, डॉ राजेंद्र देशमुख, लवलेश बब्बा राठौर, नारायणराव धोटे, भूषण साबले, रवि त्रिपाठी, सुभाष देशमुख, राजेन्द्र जैसवाल, अजित पटेल, प्रदेश प्रतिनिधि तिरूपति ऐरूलू, मनोज मालवे, मनोज आर्य, नत्थू पोटे, संजय यादव, राहुल उइके, पूर्व अध्यक्ष सिद्दक पटेल, संगठन अध्यक्ष संजय सरदार यादव, अनुराग मिश्रा, जैद खान, मोनिका निरापुरे, पुष्पा पेंद्राम, कमल नागले, पंजाब आहके, जगदिश गौचरे, अतुल शर्मा, आबिद खान, सप्पु खान, नफिस खान, तकिउल हसन, मगन सागरे, संतोष कहार, मिरावंती उइके, सोनू खनुजा, नितीन गाडरे आदि शामिल है।


## बेचना है

सभी सामान अच्छी कंडीशन में



- लोहे का डबल डेकर पलंग (हेवी), गद्दे सहित - 20,000/
- एक लकड़ी का टेबल + लकड़ी की 6 कुर्सी (डायनिंग टेबल के रूप में उपयोगी) - 8000/-
- हेवी प्लाई का बना शानदार ड्रेसिंग टेबल - 3500/- (2 नग)

संपर्क करे : 7898790340


## श्रद्धांजलि

यथा चन्द्रो ह्यमावस्यामलिङ्गत्वान्न दृश्यते। न च नाशोऽस्य भवति तथा विद्धि शरीरिणम्।



अत्यंत व्यथित हृदय के साथ सूचित कर रहे हैं कि हमारे लाडले पुत्र


**शिवम कपूर**

का स्वर्गवास 1 फरवरी 2026 को हो गया है।

दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दिनांक : 13 फरवरी, शुक्रवार, दोपहर 3 बजे से निज निवास, विकास नगर, कालापाठा, बैतूल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई है।

शोकाकुल : जितेंद्र, सुरेंद्र, दीपक एवं समस्त कपूर परिवार

## मंदिर निर्माण में करें सहयोग




नगर के गणेश वार्ड स्थित हाथी नाले के पास (चुन्नीढाना) गंज-बैतूल में 100 साल पुराने नागदेव वटकेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इस पुनीत कार्य में सभी धर्मप्रेमियों से आर्थिक सहयोग कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील मंदिर समिति ने की है। मंदिर निर्माण में जो भी धर्मप्रेमी सहयोग करना चाहते हैं वह इन नंबरों पर नवल सिंह ठाकुर 9424488462, राजीव पाठक 9981338289 संपर्क कर दान स्वरूप राशि दे सकते हैं।

सौजन्य : दैनिक राष्ट्रीय जनादेश परिवार, बैतूल





## कांतिशिवा मल्टीप्लेक्स बैतूल में




ONLINE BOOKMYSHOW

Paytm Booking No. 07141-355800

टिकिट बुकिंग के लिए संपर्क करें: 07141-355800

# बाघा बॉर्डर की मिट्टी से बनेगी 7 फीट ऊंची महाकाल प्रतिमा

■ खुशहाल किसान और सुरक्षित जवान की कामना को लेकर निकलेगी शिव बारात

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** ग्राम कोदारोटी में इस वर्ष महाशिवरात्रि का पर्व विशेष आस्था, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक संकल्प के साथ मनाया जाएगा। देश के खुशहाल किसान और सुरक्षित जवान की मनोकामनाओं को केंद्र में रखकर शिव बारात निकाली जा रही है। भारतीय सेना के जवान विशाल इवने ने इस आयोजन को खास आयाम दिया है। वे बाघा बॉर्डर की मिट्टी तथा उज्जैन से लाए गए जल और मिट्टी से बाबा महाकाल जी की 7 फीट ऊंची प्रतिमा तैयार करवा रहे हैं। इस प्रतिमा को मूर्तिकार सुनील प्रजापति आकार दे रहे हैं। समिति के अध्यक्ष रोहित यादव ने बताया कि इस बार की शिव बारात देश सेवा के जुनून और अन्नदाता किसानों की समृद्धि की कामना का संदेश भी देगी। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि के पावन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में गौतम यादव, कृष्णा साहू, श्रीकांत मालवी और इशांत एवं समस्त ग्राम कोदारोटी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।



समस्या ही समस्या... राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी की आई शिकायतें

# जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से करें निराकरण

**बैतूल(राष्ट्रीय जनादेश)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रात: 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में कुल 136 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।**

## अनुग्रह सहायता राशि दिलाए जाने की मांग

जनसुनवाई में ग्राम मालीतिपटी निवासी दिनेश हनोते ने अनुग्रह सहायता राशि दिलाए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर जिला पंचायत सीईओ ने श्रम अधिकारी को प्रकरण का तत्काल निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। बैतूल तहसील के ग्राम बगवाड़ निवासी कमला उईके ने संबल कार्ड के तहत सहायता राशि प्रदान किए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर जिला पंचायत सीईओ ने श्रम अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।






## पीएम आवास की किस्त दिलाए जाने की मांग

जनसुनवाई में बैतूल तहसील के ग्राम बरसाली निवासी किसन यादव ने बैतूल - आमला रोड के अधूरे निर्माण को पूर्ण किए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर जिला पंचायत सीईओ ने पीडब्ल्यूडी के ईई को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम कतिया कोयलारी निवासी राजेंद्र ने आवेदन के माध्यम से पीएम आवास योजना की किस्त नहीं मिलने की शिकायत की। जिस पर जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत के संबंधित अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम खेड़ीसावलीगढ़ निवासी नीमा मांडवे ने रोजगार उपलब्ध कराने के लिए आवेदन दिया। जिस पर जिला पंचायत सीईओ ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

# रामपुर भतोड़ी में जंगल कटाई का ग्रामीणों ने किया विरोध

- वन मंडल अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर लगाया मिलीभगत का आरोप
- चिखली रैयत समिति के जंगल की कटाई का मामला, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

**बैतूल(राष्ट्रीय जनादेश)। रामपुर भतोड़ी क्षेत्र में बिना अनुमति जंगल कटाई का मामला सामने आने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष हेमंत वागद्रे, पूर्व जिला अध्यक्ष आदिवासी प्रकोष्ठ डॉ. रमेश काकोड़िया एवं राजेश बाबा साहू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने वन मंडल अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपते हुए वन कॉरपोरेशन और वन सुरक्षा समिति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि वन कॉरपोरेशन द्वारा समिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, समिति सदस्यों एवं ग्रामवासियों की अनुमति के बिना जंगल की कटाई की जा रही है, जो नियमों के विरुद्ध है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग और कॉरपोरेशन के अधिकारी आपस में मिले हुए हैं और समिति को सूचना दिए बिना चिखली रैयत समिति के जंगलों की कटाई कर लकड़ी बाहर ले जाई जा रही है।**



## ग्रामीणों में रोष व्याप्त

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पहले स्पष्ट रूप से कहा गया था कि समिति को जानकारी देने के बाद ही कटाई कार्य शुरू किया जाए, लेकिन इस निर्देश की अनदेखी की जा रही है, जिससे क्षेत्र में रोष की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों ने जंगल कटाई की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

## यह थे मौजूद

ज्ञापन देने वालों में रामकिशोर उइके, सविता यादव, जीवन यादव, दिनेश उइके, बुधराम उइके, सुभाष यादव, शिवराम मर्सकोले, नाथूराम सरियाम, शुभकरण यादव, मंसूलाल सरियाम, बस्तीराम यादव, फूलचंद यादव, प्रभु दयाल, मानसिंह, अशोक, संतोष यादव, विश्राम भलावी, कैलाश उइके, संतोष मर्सकोले, सुरेश पटेल, बारीक, मोहन, पप्पू यादव, राम अवतार, नेकराम, सुरेश यादव, कमल भलावी, ओझा उइके, इंदल यादव, रामपाल, कमलेश, ईश्वर दास एवं रामकरण यादव शामिल रहे।



# वन अधिकार दावों का निराकरण करने की मांग

■ किसानों ने विधायक से मिलकर बताई समस्या

**शाहपुर(राष्ट्रीय जनादेश)।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 132 घोड़ाडोंगरी के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोलई बुर्जुग के ग्राम टेमरु रैयत के किसानों ने वनाधिकार अधिनियम 2005 के तहत लगाए गए व्यक्तिगत दावों के निराकरण में हो रही देरी को लेकर स्थानीय विधायक गंगा उइके से हस्तक्षेप की मांग की है।

**यथा बनी हुई है समस्या :** किसानों का कहना है कि वे पिछले कई वर्षों से शासकीय भूमि पर वनाधिकार के अंतर्गत आजीविका हेतु कृषि कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2019 में उन्होंने वनाधिकार अधिनियम 2005 के तहत व्यक्तिगत दावे प्रस्तुत किए थे। शासन के निर्देशानुसार दावों का निराकरण कर कब्जे वाली भूमि पर पट्टे वितरित किए जाने थे, लेकिन आज दिनांक तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

**बार-बार दिया जा रहा आश्वासन :** विधायक को सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि संबंधित किसान मौजा टेमर रैयत, पटवारी हल्का नंबर 14, राजस्व निरीक्षक मंडल चोपना, तहसील घोड़ाडोंगरी स्थित भूमि खसरा नंबर 13 एवं 18 पर काबिज हैं। इसके बावजूद उन्हें किसी भी स्तर से स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। किसानों ने आरोप लगाया कि वन विभाग, तहसील और जनपद, ग्राम पंचायत स्तर पर बार-बार संपर्क करने के बावजूद उन्हें केवल आश्वासन ही मिल रहा है।

**पट्टे दिए जाने की मांग :** वर्तमान में वे फसल सिंचाई के कार्य में व्यस्त हैं, लेकिन वनाधिकार दावों की स्थिति को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। समस्त किसानों ने विधायक से मांग की है कि तहसील और वन विभाग की संयुक्त टीम से उनकी फाइलों का भौतिक सत्यापन करवाकर शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा में दावों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा उन्हें भूमि के पट्टे प्रदान किए जाएं।

# गायत्री शक्ति पीठ में मौन साधना व दीप यज्ञ प्रारंभ

**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।** गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार से समयदानी बहनों द्वारा साधना एवं आध्यात्मिक जागरण का क्रम चलाने के संकल्प के साथ मुलताई आगमन हुआ है। इसी क्रम में नगर स्थित गायत्री शक्ति पीठ में नियमित आध्यात्मिक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से प्रति रविवार दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक सामूहिक मौन साधना तथा उसके पश्चात दीप यज्ञ का आयोजन प्रारंभ किया गया है। आयोजकों ने बताया कि मौन साधना के माध्यम से आत्मचिंतन, मानसिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके बाद दीप यज्ञ के माध्यम से वातावरण की शुद्धि, आध्यात्मिक चेतना जागरण एवं समाज में सद्भावना का संदेश देने का उद्देश्य रखा गया है। कार्यक्रम से जुड़ी निर्मला चौधरी, मीरा देशमुख, इंदिरा साहू, अनुसया सहित अन्य बहनों ने बताया कि यह क्रम नियमित रूप से जारी रहेगा, जिससे अधिक से अधिक लोग साधना से जुड़कर लाभान्वित हो सकें। उन्होंने क्षेत्र की महिलाओं एवं श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि प्रत्येक रविवार को समय निकालकर कार्यक्रम में सहभागी बनें और आध्यात्मिक वातावरण को सशक्त बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने यह भी कहा कि सामूहिक साधना से व्यक्ति के जीवन में अनुशासन, आत्मबल और सकारात्मकता का विकास होता है तथा समाज में नैतिक मूल्यों को बढ़ावा मिलता है।



शिविर का जनप्रतिनिधियों ने किया शुभारंभ

# चिकित्सकों ने किया दिव्यांग बच्चों का परीक्षण

**आठनेर (राष्ट्रीय जनादेश)।** समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत जिला शिक्षा केंद्र बैतूल के निर्देश पर कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों हेतु दिव्यांग चिकित्सा मूल्यांकन शिविर एवं पर्यावरण निर्माण कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय आठनेर में सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में 28 दिव्यांग बच्चों का जिला चिकित्सालय से आए डॉ.प्रकाश चंदेलकर अस्थि विशेषज्ञ, डॉ. शीतल मर्सकोले, डॉ. लिखितकर श्रवण विशेषज्ञ, डॉ. ऋषि माहुरकर, डॉ. संजय बारस्कर मानसिक रोग विशेषज्ञ द्वारा मूल्यांकन कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने की कार्यवाही की गई।

## उपहार किए वितरित

इसके साथ ही समावेशी शिक्षा को बढ़ाने हेतु पर्यावरण शिक्षा के रूप में कार्यक्रम में आए जनप्रतिनिधि मनोज जगताप विधायक प्रतिनिधि, श्री सूरज राठौर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, उमेश बारस्कर पार्षद, मदन आजाद पूर्व पार्षद उपस्थिति में दिव्यांग बच्चों को विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय आठनेर की ओर प्रोत्साहन स्वरूप गिफ्ट वितरण किया गया एवं बच्चों को सामान्य बच्चों से बेहतर जीवन जीने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का आभार डॉ. आर पी गिहारे बीईओ आठनेर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में आठनेर उत्कृष्ट प्राचार्य, शिक्षक शिक्षिका, पालक गण संचालन संतु मस्की द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अंत में सभी 80 प्रतिभागियों का भोजन व्यवस्था की की गई। जिला शिक्षा केंद्र बैतूल से पहुंची कार्यक्रम कॉर्डिनेटर श्रीमती भुस्कुटे मैडम द्वारा धन्यवाद प्रदान किया।



# महापूजा में पहुंचे समाजजन

■ नगर में निकाली विशाल रैली

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** नगर के शिवाजी ऑडिटोरियम में कोरकू समाज की महापूजा में सामाजिक एकता का दृश्य देखने को मिला, जहां जिले एवं अन्य जिलों से आए जनप्रतिनिधि और समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शाहपुर ब्लॉक अध्यक्ष संदीप बारस्कर के नेतृत्व में उनकी टीम ने बैतूल जिले में रैली निकाली, जिसमें विभिन्न ग्रामों से समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। रैली में खरवार, रामापूरा, ढोढरामऊ, आमढाना शाहपुर, सेमरपूरा, हांडी पानी, कछार और धारनमऊ के लोगों की सक्रिय भागीदारी रही।

## यह थे मौजूद

कार्यक्रम में बिसराम काजले उपसरपंच ढोढरामऊ, विरेंद्र बारस्कर सरपंच सालीमेट, रामेश्वर अखण्डे सरपंच ढोढरामऊ, बंशीलाल शैलूकर जनपद सदस्य, किसन लाल मण्डी सदस्य बैतूल, झामसिंह बारस्कर कार्यपालन यंत्री बैतूल, रंजित कलमे सरपंच टिमरनी, ओझा काजले वकील, इमरत काजले उपाध्यक्ष, प्यारसिंह कासदे खरवार, गोपाल बारस्कर, बुंदेसिंह बारस्कर, राजकुमार बारस्कर सेमरपूरा, बिहारी काजले शिक्षक, बारस्कर जी शिक्षक, गुड़दयाल शिक्षक, गोतम सुहाने शिक्षक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## इनका रहा योगदान

खापा से राधेश्याम, खुशीलाल, प्रेमलाल, ब्रदीप्रसाद, यादव पिंकश कलमे ब्लॉक मंत्री टीम, श्रीमती विलकिस बारस्कर जिला सदस्य सहित जनपद गण, सरपंच गण, पंच गण, शिक्षक गण और शाहपुर ब्लॉक की समस्त जनता की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप दिया। महापूजा के अवसर पर समाज ने एकजुट होकर सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक एकता का संदेश दिया।



# आजादी की लड़ाई का इतिहास है कंगला मांझी सरकार : कुंभदेव कांगे

■ सैनिक सम्मेलन में अवैध कब्जे, धर्मांतरण और घुसपैठ पर निर्णायक कार्रवाई की मांग

**बैतूल(राष्ट्रीय जनादेश)। शाहपुर ब्लॉक के ग्राम मालवर में आयोजित तीन दिवसीय सैनिक सम्मेलन में देश की सुरक्षा, आदिवासी समाज की पहचान और जमीन पर बढ़ते अवैध कब्जों को लेकर कंगला मांझी सरकार ने सीधे तौर पर सरकार और प्रशासन से जवाब मांगा।**

## सम्मेलन में पहुंचे जिले भर से सैनिक

इस तीन दिवसीय सैनिक सम्मेलन में संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष राजमाता श्रीमती फुलवा देवी कांगे और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुंभदेव कांगे की मौजूदगी ने आयोजन को राष्ट्रीय महत्व दे दिया। दिल्ली से आए प्रतिनिधि मंडल के साथ विशेष अतिथि जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी के अध्यक्ष राहुल उइके और ग्राम पंचायत खापा की सरपंच सहनवती कवडे भी मंच पर मौजूद रहीं। बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता और जिले भर से पहुंचे मांझी सरकार सैनिक सम्मेलन के साक्षी बने।

## देश और समाज की रक्षा करना उद्देश्य

मुख्य अतिथि राजमाता श्रीमती फुलवा देवी कांगे ने बिना लाग-लपेट कहा कि संगठन का मूल उद्देश्य केवल एक संस्था चलाना नहीं, देश और समाज की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि हर समाज, हर वर्ग को अपनी परंपराएं, रीति-रिवाज, संस्कृति और सभ्यता को जीवित रखना होगा। विदेशी आक्रमणकारियों की मानसिकता आज भी अलग-अलग रूपों में भारत की संस्कृति को कमजोर करने की कोशिश कर रही है, धर्मांतरण हो रहा है, दबाव बनाया जा रहा है, लेकिन इन चुनौतियों के बावजूद भारत विश्व में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस प्रगति की ताकत एकता और अखंडता है, जिसे कमजोर नहीं होने दिया जाएगा।



## अंग्रेजों के खिलाफ लड़ी थी लड़ाई

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुंभदेव कांगे ने सैनिकों को याद दिलाया कि कंगला मांझी सरकार कोई सामान्य नाम नहीं, आजादी की लड़ाई का इतिहास है। उन्होंने कहा कि संस्थापक क्रांतिवीर कंगला मांझी ने अपने सैनिकों के साथ अंग्रेजी हुकूमत को घुटने टेकने पर मजबूर किया था। उन्होंने कई लड़ाइयां लड़ीं और देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आज भी देश की रक्षा करना हर सैनिक और हर नागरिक का दायित्व है।

## पहचान है आदिवासी समाज की संस्कृति

विशेष अतिथि राहुल उइके ने आदिवासी समाज की संस्कृति को भारत की पहचान बताते हुए कहा कि यह संस्कृति विश्व स्तर पर सम्मान पाती है। उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न जन समस्याओं को लेकर भारत सरकार के नाम ज्ञापन राजमाता श्रीमती फुलवा देवी कांगे को सौंपा। ग्राम पंचायत खापा की सरपंच सहनवती कवडे ने गंभीर मुद्दा उठाते हुए कहा कि क्षेत्र में गरीब आदिवासी परिवारों की बेटियों को बहला-फुसलाकर शोषण किया जा रहा है, आरक्षण का दुरुपयोग हो रहा है और आदिवासी जमीनों पर कब्जे किए जा रहे हैं। इसे रोकने के लिए ठोस कार्रवाई की मांग की गई।

## अवैध कब्जे और घुसपैठ का आरोप

जिले के प्रभारी जिला अध्यक्ष रामकिशोर धुर्वे के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 1962 में भारत सरकार द्वारा विदेशी नागरिकों को शरण दी गई थी, लेकिन सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त जानकारी के अनुसार सैकड़ों लोग चोपना क्षेत्र में अवैध रूप से बस गए और सैकड़ों एकड़ भूमि पर कब्जा कर लिया। प्रशासन मूल निवासियों पर कार्रवाई करता है, लेकिन बाहरी कब्जाधारियों पर चुप्पी साध लेता है। मांग की गई कि भारत सरकार एसआईआर के माध्यम से पहचान कर कानूनी कार्रवाई करे। प्रभारी जिला अध्यक्ष रामकिशोर धुर्वे ने बताया कि राजमाता श्रीमती फुलवा देवी कांगे का तीन दिवसीय दौरा सफल रहा, कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। समापन के बाद बड़ी संख्या में मांझी सरकार सैनिक घोड़ाडोंगरी रेलवे स्टेशन पहुंचे और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में सेल्यूट सलामी के साथ राजमाता को विदाई दी। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के संरक्षक एनआर ठाकुर, मध्यप्रदेश प्रांत अध्यक्ष दिनेश धुर्वे, प्रांत कोषाध्यक्ष रामप्रसाद इवने, प्रांत उप कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार परते सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खबर एक नजर

### शासकीय आईटीआई में कैंपस ड्राइव आज

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सदर में 11 फरवरी को एक दिवसीय केंपस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य शुभम वानखेड़े ने बताया कि इस केंपस ड्राइव में अप्रेंटिसशिप पद के लिए कुल 200 पदों पर अपोलो टायर लिमिटेड गुजरात द्वारा अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कक्षा 10 वीं 12 वीं आईटीआई, डिप्लोमा, डिग्री उत्तीर्ण 18 से 27 आयु वर्ग के पुरुष अभ्यर्थी ड्राइव में भाग ले सकते हैं। उन्होंने इच्छुक अभ्यर्थियों से अपने दस्तावेज लेकर साक्षात्कार के लिए सुबह 10 बजे शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में उपस्थित होने का आग्रह किया है। इसके अलावा अधिक जानकारी के लिए प्लेसमेंट ऑफिसर रुपेश ठाकरे मोबाइल नंबर 9755441421 पर संपर्क किया जा सकता है।

### हल्दी कुमकुम कार्यक्रम में दिए उपहार

**आमला (राष्ट्रीय जनादेश)।** ग्राम पंचायत लालावाड़ी में ग्राम पंचायत की सरपंच नीतू रविंद धोटे के निवास पर रविवार हल्दी कुमकुम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात छत्रपति शिवाजी महाराज के छायाचित्र पर माल्यार्पण करके किया गया इसके बाद सभी महिलाओं को सरपंच नीतू धोटे द्वारा सुहाग की सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की गई। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा गीत भजन भी किए गए। कार्यक्रम में बाली धोटे, वंदना सराटकर, संध्या डोंगरे, उर्मिला, अनिता, प्रेमलता पूनम, प्रमिला, छाया सहित लगभग 2 सैकड़ा से अधिक महिलाएं उपस्थित थी।

### पेड़ से लटका मिला युवती का शव, जांच शुरू

**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।** ग्राम भैंसादंड में सोमवार सुबह एक 19 वर्षीय युवती का शव प्राथमिक स्कूल परिसर में पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सविता उइके उम्र 19 वर्ष पिता जंगली उइके निवासी भैंसादंड रविवार रात अपनी मां समोनती बाई के साथ पड़ोस में आयोजित एक जन्मदिन कार्यक्रम में गई थी। कार्यक्रम के दौरान उसकी मां घर लौटकर सो गई। सोमवार सुबह जब सविता घर में नहीं मिली तो परिजनों व ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान ग्रामीणों को सविता का शव गांव के प्राथमिक स्कूल परिसर में स्थित गुलमोहर के पेड़ से लटका मिला। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### बैल दौड़ प्रतियोगिता का किया आयोजन

**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।** ग्राम गोपालतलाई में जय बजरंग समिति द्वारा पारंपरिक बैल दौड़ पट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले भर से आई बैल जोड़ियों ने भाग लिया, जिससे आयोजन स्थल पर दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। तीन दिवसीय इस आयोजन में 100 से अधिक बैल जोड़ियों ने हिस्सा लिया प्रतियोगिता के प्रत्येक चरण का आनंद लेने के लिए पट प्रेमियों का उत्साह देखते ही बन रहा था और आयोजन स्थल पर मेले जैसा वातावरण बना रहा। इनामी पट प्रतियोगिता में आयोजकों द्वारा प्रथम पुरस्कार 9999, द्वितीय पुरस्कार 7777 तथा तृतीय पुरस्कार 5555 निर्धारित किया गया था, जिससे प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखा गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष ने बताया कि प्रतियोगिता के तीसरे दिन 50 से अधिक बैल जोड़ियों ने पट में भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान खेल भावना और पारंपरिक उत्साह का माहौल बना रहा ग्रामीणों एवं आसपास के क्षेत्रों से आए दर्शकों ने प्रतियोगिता का भरपूर आनंद लिया तथा सफल आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की।

### तीर्थ यात्रियों का नप अध्यक्ष ने किया सम्मान

**भैंसदेही (राष्ट्रीय जनादेश)।** मध्यप्रदेश शासन की योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा-द्वारका, सोमनाथ हेतु नगर परिषद भैंसदेही क्षेत्र के 10 हितग्राहियों का चयन हुआ हैं। जिन्हे सोमवार को नगर के प्रथम नागरिक नगर परिषद् अध्यक्ष मनीष सोलंकी ने नगर के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में फूल माला से स्वागत कर मंगल यात्रा हेतु सभी को शुभकामना प्रदान कि अध्यक्ष के साथ पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह किलेदार, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जनपद सदस्य ऋषभदास सावरकर भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप घोरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी के.एस.उइके ने भी स्वागत कर शुभ यात्रा की कामना की। इस अवसर कार्यालय प्रभारी वामन पाटनकर सहायक राजस्व निरीक्षक गंगू आठवेकर योजना प्रभारी अशोक कुबड़े चेतन जैन सौरभ राजुरकर मौजूद रहे।

### विद्युत पेंशनर आज सौंपेंगे ज्ञापन

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** पेंशन संरक्षण एवं भुगतान गारंटी और केंद्र शासन के अनुरूप देय तिथि से महंगाई राहत के भुगतान की मांग को लेकर पेंशनर्स हित रक्षक संघ जिला शाखा बैतूल आज 11 फरवरी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगा। यह ज्ञापन महाप्रबंधक (संचा/संधा) बैतूल के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा। संघ ने सभी पेंशनर्स भाइयों से लिंक रोड स्थित कैपिंग हाउस परिसर में निर्धारित समय पर उपस्थित रहने का आह्वान किया है, ताकि मांगों को संगठित और प्रभावी तरीके से शासन तक पहुंचाया जा सके। विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ के अध्यक्ष रेवाराम वराठे ने कहा कि पेंशनर्स के हितों की सुरक्षा और समय पर देय भुगतान सुनिश्चित कराना संगठन की प्राथमिकता है, इसलिए सभी साथियों की उपस्थिति आवश्यक है।

### छात्रावासों का निरीक्षण कर लिया जायजा

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** जिले के छात्रावासों का निरीक्षण कर यहां उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं की कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला स्तरीय कन्या उत्कृष्ट सीनियर छात्रावास, सीनियर अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास तथा आदिवासी महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास का भ्रमण किया। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने छात्राओं से आत्मीय संवाद करते हुए उनसे छात्रावास में आवास, भोजन, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने यह भी पूछा कि किसी प्रकार की असुविधा तो नहीं है तथा स्टाफ द्वारा किसी तरह की परेशानी तो नहीं की जाती। छात्राओं ने कलेक्टर श्री सूर्यवंशी को अवगत कराया कि छात्रावासों में सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं और उन्हें किसी प्रकार की समस्या नहीं है। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने छात्राओं को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं और मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट एवं तहसीलदार श्रीमती पूनम साहू भी उपस्थित रहीं।

# सेवानिवृत्त होकर लौटे जवान का किया स्वागत

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। भारतीय नौसेना में 15 सालों तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त होकर लौटे जवान का स्टेशन पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान भारत माता की जय के गगनभेदी नारे भी लगाए गए।**

## ▪ स्टेशन पर भारत माता जय के लगाए गगनभेदी नारे



### सभी ने किया स्वागत

जानकारी के अनुसार भारतीय नौसेना में 15 सालों तक देश सेवा करने वाले नौसैनिक सुरेश साहू घर वापस लौटे। मुलताई स्थित उनके गृह ग्राम बाडेगांव (चंदोरा) लौटने पर भव्य स्वागत हुआ। साहू समाज और नगरवासियों ने उनके आगमन पर खुशी जताई। सुरेश साहू सोमवार को मुलताई रेलवे स्टेशन पहुंचे। उनके स्वागत के लिए परिजन, साहू समाज के सदस्य और नगर के शुभचिंतक पहले से मौजूद थे। लोगों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया।

### लोगों में दिखाई दिया उत्साह

ढोल-नगाड़ों की थाप के बीच भारत माता के जयकारों तथा देशभक्ति के नारों से पूरा स्टेशन परिसर गूंज उठा। इस दौरान वहां मौजूद लोगों में उत्साह दिखा। स्वागत कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों और नगर के गणमान्य नागरिकों ने सुरेश साहू की देश सेवा की सराहना की। उन्होंने कहा कि समुद्री सीमाओं की रक्षा करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसे उन्होंने सालों तक निभाया।

### युवाओं के लिए बने प्रेरणा

सुरेश साहू ने भारतीय नौसेना में 15 वर्षों की सेवा अवधि के दौरान देश के कई महत्वपूर्ण नौसैनिक ठिकानों पर अपनी सेवाएं दीं। इनमें मुंबई, विशाखापत्तनम, तमिलनाडु और ओडिशा शामिल हैं। उनकी अंतिम तैनाती कोच्चि (केरल) में थी, जहां से उन्होंने अपनी सेवा पूरी की। समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने देशभक्ति के नारे लगाए। युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया, जिन्होंने सुरेश साहू को प्रेरणास्रोत बताया।

### परिजनों में खुशी का माहौल

परिजनों ने अपने बेटे की वापसी पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने इसे पूरे साहू समाज के लिए गौरव का क्षण बताया। साहू समाज के सदस्यों ने भी उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। रिटायर्ड फौजी दीपक परिहार सहित अन्य ने राष्ट्रभक्ति के संदेश और देश सेवा करने वालों के सम्मान के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# डेम में डूबने से युवक की मौत

**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।** ग्राम सर्रई निवासी एक युवक की पाराखाती डेम में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सर्रई निवासी दिलीप धुर्वे पिता प्यारे धुर्वे उम्र 35 वर्ष सोमवार सुबह पानी की मोटर निकालने के लिए डेम पर गए थे, जहां गहरे पानी में डूब जाने से उनकी मृत्यु हो गई। सर्रई निवासी राजेश पिता सुखलाल झरवड़े ने बताया कि दिलीप मजदूरी का कार्य करता था। उनकी सिंचाई मोटर चालू नहीं हो रही थी, इसलिए वे सोमवार सुबह करीब 9 बजे दिलीप को साथ लेकर पाराखाती डेम पहुंचे। मोटर निकालने के लिए दिलीप ने कपड़े बाहर उतारकर पानी में प्रवेश किया, लेकिन गहराई अधिक होने के कारण वह डूबने लगा। डेम पर मौजूद अन्य 6-7 किसानों ने उसे डूबते देखा और दो लोग बचाने के लिए पानी में उतरे, परंतु गहराई और कीचड़ अधिक होने के कारण उसे नहीं बचा सके। इसके बाद ग्राम सरपंच राजू इवने को सूचना दी गई, जिन्होंने दुनावा चौकी को अवगत कराया। सूचना पर एएसआई रणधीर सिंह ठाकुर, सोनू भारती एवं नरेश तुमड़ाम मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकालकर पंचनामा कार्रवाई की। मृतक दिलीप धुर्वे के दो बच्चे हैं, जो वर्तमान में दुनावा में पढ़ाई कर रहे हैं।



बताया गया है कि पाराखाती डेम में दुनावा, सर्रई, खल्लाढाना, मूसाखापा और खल्ला के करीब 200 किसानों की सिंचाई मोटर लगी हुई है। किसानों का कहना है कि आसपास की काली मिट्टी बहकर आने से डेम में अधिक कीचड़ जमा हो गया है, जिससे मोटर लगाने या निकालने के दौरान हादसे का खतरा बना रहता है।

# 33 केवी लाइन कार्य की गुणवत्ता पर उठे सवाल

**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मासोद वितरण क्षेत्र अंतर्गत आरडीएसएस योजना के तहत मासोद से तिवरखेड़ पट्टन तक 33 केवी लाइन डालने का कार्य जारी है। इस कार्य के तहत खेतों व मुख्य मार्ग किनारे विद्युत पोल खड़े किए जा रहे हैं। लेकिन कार्य की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने सवाल खड़े किए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पोल खड़ा करने के लिए जमीन से कम से कम 5 फीट गहरे गड्ढे खोदकर सीमेंट-कंक्रीट से मजबूत आधार बनाया जाना चाहिए। इसके विपरीत क्षेत्र में कई स्थानों पर मुरम मिट्टी में केवल 3×4 फीट गड्ढे खोदकर पोल खड़े कर दिए गए हैं और बाद में गड्ढों को मिट्टी व मुरम से भर दिया गया है। ग्रामीणों को आशंका है कि बारिश के दौरान मिट्टी बैठने से पोल तिरछे हो सकते हैं और दुर्घटना का खतरा बढ़ सकता है। इस संबंध में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी मासोद के जेई तुलसीराम सलाम ने बताया कि ठेकेदार से चर्चा कर कंक्रीट करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र पिपराज ने कहा कि क्रॉसिंग वाले जो लोहे के पोल लगाए जाएंगे, उनमें कंक्रीट किया जाना है और इस परियोजना में प्रत्येक पोल पर कंक्रीट करना शामिल नहीं है। फिलहाल ग्रामीणों ने कार्य की गुणवत्ता की जांच कर उचित सुधार करने की मांग की है।



# 957 जांच में 446 हाई रिस्क गर्भवती मिली

## ▪ प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत लगा शिविर

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** गर्भावस्था से संबंधित जटिलताओं का समय पता लगाने और समय रहते उनका उपचार सुनिश्चित कर सुरक्षित प्रसव करवाने के लिए प्रतिमाह के 9 एवं 25 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि 9 फरवरी को जिले में आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर में 957 गर्भवती महिलाओं की जाचं एवं 446 हाई रिस्क चिन्हित, 82 महिलाओं की सोनोग्राफी की गई।

शिविर में सभी महिलाओं की खून की जांच एवं जीडीएम की जांच की गई। शिविर का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य संस्था में आवश्यक जांचे, चिकित्सकीय परीक्षण, परामर्श और हाई रिस्क महिलाओं का उचित प्रबंधन कर संस्थागत सुरक्षित प्रसव करवाना है, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके।

### यहां लगाए गए थे शिविर

उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय बैतूल में आयोजित शिविर में स्त्री रोग चिकित्सक डॉ. मोनिका सोनी द्वारा 92 गर्भवती महिलाओ की चिकित्सकीय जांच की गई, जिसमें 37 गर्भवती महिलाओं को हाई रिस्क के रूप में चिन्हित किया गया और 82 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घोड़ाडोंगरी में स्त्री रोग

चिकित्सक डॉ कविता कोरी द्वारा 50 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिसमें 22 हाई रिस्क महिलाओं की जांच की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुलताई में स्त्री रोग चिकित्सक डॉ. सरिता कालभोर द्वारा 60 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिसमें 33 महिलाएं हाई रिस्क पाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहपुर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.ईशा डेनियन द्वारा 191 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिसमें 66 हाई रिस्क महिलाएं पाई गई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभात पट्टन में चिकित्सक अधिकारी डॉ.सोनाली द्वारा 30 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिसमें 25 हाई रिस्क महिलाओं की जांच की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिचोली में स्त्री रोग चिकित्सक डॉ रामलखन प्रजापति द्वारा 71 गर्भवती महिलाओं की जांच, जिसमें 45 महिला हाई रिस्क पाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैंसदेही में चिकित्सा अधिकारी डॉ व्योमा वर्मा द्वारा 75 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिसमें 47 महिलाएं हाई रिस्क पाई गई।

### सेहरा में 49 महिलाएं मिली हाई रिस्क

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेहरा में चिकित्सक अधिकारी डॉ नेहा भास्कर द्वारा 156 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिसमें 49 महिलाएं हाई रिस्क पाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भीमपुर में महिला चिकित्सक डॉ तरूणा काकोडिया द्वारा 66 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिसमें 54 महिला हाई रिस्क पाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आठनेर में चिकित्सक अधिकारी डॉ माधुरी वहाने द्वारा 65 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिसमें 20 महिला हाई रिस्क मिली। सिविल अस्पताल आमला में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक नरवरे एवं महिला चिकित्सक डॉ ईवान जेम्स द्वारा 101 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई जिसमें 48 महिलाएं हाई रिस्क मिली।

# सौहार्द बहाल करने गांवों में पहुंचे कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक

## ▪ शांति और कानून व्यवस्था का लिया जायजा, ग्रामीणों से चर्चा कर सुनी समस्याएं



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** बीते दिनों जिले के दामजीपुरा में हुई घटना के बाद अब प्रशासन यहां सांप्रदायिक सौहार्द बहाल करने की मशक्कत में जुट गया है। इसी उद्देश्य से आज कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी एवं पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन द्वारा जिले के दूरस्थ क्षेत्रों का संयुक्त भ्रमण किया गया। विगत दिनों थाना मोहदा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम दामजीपुरा में उत्पन्न सांप्रदायिक तनाव की स्थिति के दौरान आगजनी की घटना हो गई थी। इस घटना के बाद प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। आज कलेक्टर-एसपी ने ग्राम दामजीपुरा, भीमपुर, मोहदा सहित अन्य दूरस्थ क्षेत्रों का भ्रमण कर शांति एवं कानून व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया।

### स्थानीय लोगों से की अफसरों ने चर्चा

संयुक्त भ्रमण के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा स्थानीय लोगों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी। इसके साथ ही मौके पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। यही नहीं लोगों को आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखते हुए शांतिपूर्ण ढंग से जीवन यापन करने, असामाजिक तत्वों के बहकावे में न आने तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को देने के लिए प्रेरित किया गया।

### सोशल मीडिया पर शेयर न करें भ्रामक जानकारी

कलेक्टर एवं एसपी ने इसके साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक, अपमानजनक अथवा आपत्तिजनक सामग्री का प्रसारण न करने तथा अफवाहों पर ध्यान न देने के संबंध में भी नागरिकों को समझाइश दी गई।

# ग्रामीणों के समर्थन के उतरी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी

## ▪ प्रदर्शनकारियों पर हुई एफआईआर वापस लेने की मांग
## ▪ लादी-सारणी सड़क निर्माण का मामला, 20 को बंद की चेतावनी

**आमला (राष्ट्रीय जनादेश)। आमला - लादी सारणी सड़क निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों पर पुलिस द्वारा मामला दर्ज करने का मामला अब तूल पकड़ते जा रहा है। प्रदर्शनकारियों के समर्थन में सोमवार को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी खुल कर सामने आई है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा ग्रामीणों पर से एफआईआर वापस लेने की मांग की गई। एक सप्ताह का समय दिया गया मामला वापस नही लेने पर 20 फरवरी को आमला बन्द का आह्वान करने की चेतावनी दे दी।**



### लोकतंत्र की हुई हत्या

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष ने इसे लोकतंत्र की हत्या बताया। सोमवार को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष चिन्टूलाल उइके तथा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के युवा मोर्चा अध्यक्ष पिंकेश धुर्वे के नेतृव में कलेक्टर के नाम ज्ञापन तहसीलदार आमला को सौंपा गया जिसमें लादी सारणी सड़क निर्माण जल्द शुरू करवाने के साथ ग्रामीणों पर से एफआईआर वापस लेने की मांग की गई। पार्टी के कार्यकताओं ने आमला थाने पहुँचकर पुलिस अधीक्षक के नाम भी एक ज्ञापन थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर को सौंपा जिसमे कहा गया कि शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने वालों पर मामला दर्ज करना गरीब जनता के साथ अन्याय है। ज्ञापन सौंपते समय सुनेर उइके, बिसना नर्रे, मुनेश इवने सहित बढ़ी संख्या में गोडवाना गणतंत्र पार्टी के पदाधिकारी तथा कार्यकता उपस्थित थे। लादी सारणी सड़क निर्माण की मांग को क्षेत्र में जबरदस्त समर्थन मिल रहा है बताया जाता है कि मंगलवार भी कुछ सगठन समर्थन में सामने आ सकते है।

# अवनी विहार में विराजे नर्मदेश्वर महादेव



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** जिला मुख्यालय से सटे बडोरा के अवनी विहार में नर्मदेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव का शुभारंभ 6 फरवरी को विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात विधि-विधान से पूजन एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। महोत्सव का समापन 8 फरवरी को विशाल भंडारे के साथ किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, पूर्व जिला अध्यक्ष बबला शुक्ला, इंद्रपाल पांडे, कोठी बाजार भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एवं विश्वकर्मा बढ़ई समाज समिति के समिति प्रमुख बलवीर मालवी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। संपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान पंडित अनुराग मिश्रा के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान अवनी विहार क्षेत्र का वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बना रहा। नर्मदेश्वर महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष भगवान सोनारे ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों, श्रद्धालुओं एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।